प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

रविवार 16 फरवरी 2025

● वर्ष 03 ● अंक 182

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्र. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्र. 54135/88




## फर्स्ट टेक

### ईडी ने 1,646 करोड़ की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 1,646 करोड़ रुपए की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की है। यह जब्ती 'बिटकनेक्ट ऋण कार्यक्रम' के तहत किए गए निवेश घोटाले की जांच के दौरान हुई। ईडी ने 13.50 लाख रुपए नकद, एक वाहन और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए हैं। जांच में सामने आया कि लेनदेन डार्क वेब के जरिए किए गए, जिससे उनका पता लगाना मुश्किल हो गया। यह अब तक की सबसे बड़ी क्रिप्टो जब्ती बताई जा रही है। इससे पहले भी 489 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इस घोटाले में विदेशी नागरिकों के शामिल होने की आशंका है, जबकि मुख्य आरोपी अमेरिका में जांच के दायरे में है।

### एकता कपूर के खिलाफ पुलिस जांच के आदेश

**मुंबई/भाषा।** मुंबई की एक अदालत ने फिल्म निर्माता एकता कपूर के खिलाफ दर्ज आपराधिक शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। शिकायत में उनकी वेब सीरीज में भारतीय सैनिकों के अपमान का आरोप लगाया गया है। बांद्रा मजिस्ट्रेट अदालत ने नौ मई तक पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। यह शिकायत यूट्यूबर 'हिंदुस्तानी भाऊ' (विकास पाठक) ने दर्ज कराई थी, जिसमें एकता कपूर, उनके ओटीटी प्लेटफॉर्म 'ऑल्ट बालाजी' और उनके माता-पिता का नाम शामिल है। शिकायत के अनुसार, वेब सीरीज के एक एपिसोड में भारतीय सेना की वर्दी और राष्ट्रीय प्रतीक को अनुचित तरीके से दर्शाया गया, जिससे देश की गरिमा को ठेस पहुंची है।

### अमेरिका से निर्वासित 116 लोगों का दूसरा जत्था लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिकी विमान, आज भी आएंगे 157

**नई दिल्ली** / 116 अवैध प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का विमान शनिवार देर रात करीब 11.38 बजे श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। पहले 119 लोगों के आने की जानकारी थी, लेकिन तीन लोगों की तबीयत खराब होने के कारण उनकी वापसी अब देरी से होगी। ये तीन लोग किस राज्य के हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पहली सूची के अनुसार लौटने वालों में सबसे ज्यादा पंजाब के 67 लोग हैं, जबकि 33 लोग हरियाणा के रहने वाले हैं। इनके अलावा गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, गोवा-राजस्थान व महाराष्ट्र के 2-2 और हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के एक-एक शामिल हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला व पंजाब सरकार के मंत्री व अधिकारी डिपोर्ट हुए लोगों को लेने पहुंचे थे। अमेरिकी विमान में भारतीयों के साथ अमेरिकी सरकार के कुछ अधिकारी, क्रू मेंबर और अमेरिकी सेना के जवान भी थे। एयरपोर्ट पर पहुंचने पर सभी भारतीयों को एक-एक कर निकाला गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर मौजूद भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की देखरेख में उनके हवाले कर दिया गया।

# एआई में दूरगामी प्रगति से भविष्य में होंगे बड़े बदलाव : राष्ट्रपति



**रांची/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है, जिससे भविष्य में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उच्च शिक्षा में एआई को एकीकृत करने के लिए कदम उठा रही है और बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

राष्ट्रपति शनिवार को बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जयंती समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हमारा युग प्रौद्योगिकी का युग है और एआई, मशीन लर्निंग जैसी नई तकनीकों ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। आने वाले समय में इनके व्यापक प्रभाव देखन को मिलेंगे।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई के विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलना चाहिए। उच्च शिक्षा में एआई को एकीकृत करने के लिए कई नई पहल की जा रही हैं।

### तकनीक का लाभ सभी को मिले

राष्ट्रपति ने कहा कि नवोन्मेष और तकनीक को केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि ग्रामीण और हाशिए पर मौजूद समुदायों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने नवाचार करने वाले युवाओं से पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा न करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में 70 वर्षों से उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। संस्थान ने अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट विज्ञान के अध्ययन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि आज की युवा पीढ़ी भारत के 'विकसित राष्ट्र' बनने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि अब महिलाएं भी विज्ञान, इंजीनियरिंग और तकनीक के क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

राष्ट्रपति ने नवाचार और तकनीकी उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला: महाप्रबंधक गिरफ्तार

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता को 122 करोड़ रुपए के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया। आर्थिक अपराध शाखा (एजथ) ने उनसे तीन घंटे तक पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की। बैंक के कार्यवाहक सीईओ देवर्षि घोष ने शुक्रवार को दादर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें मेहता और उनके सहयोगियों पर प्रभादेवी और गोरेगांव शाखाओं की तिजोरी से 122 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप लगाया गया। पुलिस ने बताया कि मेहता को जांच एजेंसी के कार्यालय में बुलाया गया था, जहां बयान दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक (व्इख) ने हाल ही में बैंक पर कई प्रतिबंध लगाए हैं, जिसमें निकासी पर रोक भी शामिल है। आरबीआई ने बैंक में बढ़ती अनियमितताओं के चलते बोर्ड को भंग कर प्रशासक नियुक्त कर दिया है।

**सर्वे कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश**

## सीसीएल के हर एरिया में बनेगा एक मॉडल गांव



**रांची :** सीसीएल के सीएमडी नीलेंदू कुमार सिंह के ढोरी और बीएंडके एरिया का दौरा और इस दौरान उनकी तरफ से अधिकारियों को दिए गए निर्देशों से स्पष्ट हो गया है कि कोयले के उत्पादन के दौरान खान सुरक्षा अधिनियमों की अवहेलना तो की ही जा रही है, क्षेत्र में फैले प्रदूषण को कम करने के लिए नियमित पानी का भी छिड़काव नहीं किया जा रहा है। दौरे के क्रम में क्षेत्र के कारो और एएडीओसीएम परियोजना का निरीक्षण किया।

इस बीच सीएमडी सिंह ने ढोरी जीएम रंजय सिन्हा और बीएंडके जीएम चित्तरंजन कुमार को माइंस के हॉल रोड की चौड़ाई बढ़ाने तथा क्षेत्र में फैले प्रदूषण को कम करने के लिए नियमित पानी छिड़काव करने का आदेश दिया। साथ ही भविष्य को ध्यान में रखते हुए फॉरेस्ट क्लीयरेंस का दायरा बढ़ाने की बात कही। सीएमडी सिंह ने कहा कि सीसीएल एरिया अंतर्गत हर एक गांव को गोद लेकर उसे मॉडल गांव बनाया जाएगा। वैसे गांव को सर्वे के माध्यम से चिन्हित कर जल्द प्रपोजल भेजें, ताकि वैसे गांव को गोद लेकर उसे मॉडल गांव बनाया जा सके। कॉलोनियों के जर्जर क्वार्टरों का सर्वे जल्द करा जल्द से जल्द उन क्वार्टरों की मरम्मत करने व जर्जर नाली को ठीक कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। कॉलोनी में वर्करों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। सीएमडी द्वारा दिए गए निर्देशों से स्पष्ट है कि न केवल कोयला खदानों में उत्पादन के दौरान लापरवाही बरती जा रही है, बल्कि बढ़ते प्रदूषण कम करने का प्रयास भी बेहतर नहीं है। इतना ही नहीं वर्करों के कॉलोनियों की साफ सफाई तो दूर शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 की मौत, 20 से अधिक घायल, उच्च स्तरीय जांच के आदेश

**नई दिल्ली**

प्रयागराज की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की उमड़ी भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। इससे 18 लोगों की मौत हो गई। शनिवार रात करीब दस बजे मची भगदड़ में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार-रविवार की छुट्टी के चलते महाकुंभ में जाने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने से स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। भीड़ को काबू करने के लिए पर्याप्त अमला न होने से हालात बेकाबू हो गए। भीड़ एक-दूसरे पर चढ़ने लगी। लोकनायक अस्पताल में आपातकालीन विभाग की प्रमुख डॉ. ऋतु सक्सेना ने 15 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

मृतकों में 11 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। दो की मौत लेडी हार्डिंग अस्पताल में हुई। रेलवे ने हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। एनडीआरएफ की टीम भी राहत के लिए स्टेशन पहुंच गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि पूरी टीम प्रभावितों की मदद में जुटी है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शनिवार रात 9:55 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 14-15 पर भगदड़ की सूचना मिली थी। चार गाड़ियों समेत स्टाफ को मौके पर भेजा गया। प्रयागराज जा रहे एक श्रद्धालु ने बताया कि प्लेटफॉर्म नंबर-12 पर शिवगंगा एक्सप्रेस जा रही थी। गाड़ी के जाते ही सारी भीड़ प्लेटफॉर्म 14-15 पर आ गई। प्रयागराज की ज्यादातर ट्रेनें यहीं से जा रही हैं। प्लेटफॉर्म भीड़ संभाल नहीं पाया और भगदड़ मच गई। भीड़ एस्क्लेटर और स्टेशन के दरवाजों की ओर भागी। इससे ओवरब्रिज व सीढ़ियों पर भीड़ बढ़ गई। वहीं, रेलवे प्रशासन का कहना है कि प्लेटफॉर्म नंबर-14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस खड़ी थी। वहां भारी भीड़ जुटी थी। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और




भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस भी देरी से चल रही थी। उसके यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 12-13 और 14 पर मौजूद थे। लोगों की भीड़ अधिक थी।

बिहार के राजकुमार माझी ने बताया कि वह अपनी पत्नी-बेटी और बेटे के साथ नवादा जिला जा रहे थे। माझी ने बताया कि उसकी पत्नी शांति देवी और बेटी पूजा की इस भगदड़ में मौत हुई है। बेटा मिल नहीं रहा। वहीं, पटना के पप्पू ने बताया, हादसे में उन्होंने अपनी मां को गवां दिया है।

» सीढ़ियों से नीचे गिरे लोग

एक यात्री ने बताया कि जब भगदड़ मची तो वह अंदर ही था। उसने बताया कि लोग एक दूसरे के ऊपर चढ़ गए थे। धक्कामुक्की होने लगी तो वह सीढ़ियों से दूर हट गया, जिसके बाद लोग एकदूसरे को धक्का मार रहे थे। मैंने कुछ लोगों को भीड़ से बाहर निकाला। एक दूसरे यात्री ने कहा कि स्टेशन पर बहुत ज्यादा भीड़ था। उसने बताया कि लोग प्लेटफॉर्म नंबर 15 की सीढ़ियों से नीचे गिर गए थे।

» एस्केलेटर के पास मची भगदड़


सूत्रों के मुताबिक, जब प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस खड़ी थी, उस दौरान प्लेटफॉर्म पर काफी लोग इकट्ठा थे। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी भी लेट थीं। इसकी वजह से इन ट्रेनों के यात्री भी प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13 और 14 पर पहुंच गए थे। जानकारी के मुताबिक रेलवे ने हर घंटे सीएमआई के हिसाब से 1500 जनरल टिकट बेचे गए, इसलिए भीड़ बेकाबू हो गई। प्लेटफॉर्म नंबर-14 और प्लेटफॉर्म नंबर 16 के पास एस्केलेटर के पास भगदड़ मच गई।

रेलवे पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया है कि महज 15-20 मिनट के भीतर रेलवे स्टेशन पर भीड़ बढ़ गई। इस बीच प्रयागराज जाने के लिए एक विशेष ट्रेन का एलान किया गया। इसी दौरान भीड़ ट्रेन में सवार होने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर-14 पर लपकी। मल्होत्रा ने बताया कि प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेन पहले से लेट चल रही थी। उनकी भीड़ के अलावा अन्य लोगों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। इस दौरान एक विशेष ट्रेन की घोषणा हुई और सभी नई ट्रेन में सवार होने के लिए भागे। इसी दौरान हादसा हो गया। जब तक स्थिति को काबू किया गया तब तक कई की जान चली गई थी।

» दिखावे का सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग

रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाती है। स्टेशन के हर प्लेटफार्म की लाइव डीआरएम अपने ऑफिस में देखते हैं। इसके बावजूद स्टेशन पर वह भीड़ को नहीं देख सके। वही दूसरी तरफ से रेलवे की ओर से लगातार जनरल टिकट दिए गए। इससे भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ का होना समझा जा सकता है।

## ट्रंप की नई नीतियों से यूरोप में हलचल, जेलेंस्की और शोल्ज का कड़ा रुख



**म्यूनिख/एपी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई विदेश नीति से यूरोप में असंतोष बढ़ रहा है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इस पर कड़ा रुख अपनाया। दोनों नेताओं ने वाशिंगटन के हालिया फैसलों की आलोचना करते हुए यूरोप की संप्रभुता और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

### जेलेंस्की की अपील — 'यूरोपीय सेना' बने

रूस के खिलाफ तीन साल से लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूरोप की सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि यूरोप अपनी सशस्त्र सेना का गठन करे। उनका मानना है कि यूरोप को अपनी रक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वतंत्र सैन्य शक्ति का निर्माण करना चाहिए।

### ट्रंप-पुतिन वार्ता पर जेलेंस्की की नाराजगी

हाल ही में ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिसके बाद ट्रंप ने कहा कि वह यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए पुतिन से सीधी वार्ता करेंगे। इस पर जेलेंस्की ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यूक्रेन अपनी पीठ पीछे हुई किसी वार्ता या समझौते को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोप को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए।

### शोल्ज ने अमेरिका की नीतियों पर सवाल उठाए

जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने अमेरिका के नए रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस द्वारा जर्मनी के दक्षिणपंथी नेता से मुलाकात को लोकतंत्र में हस्तक्षेप करार दिया। उन्होंने कहा, हम अपने लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता नहीं कर सकते और बाहरी ताकतों को हमारे चुनावों में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देंगे।

# संगम में उमड़ा आस्था का सैलाब

■ **महाकुंभ में अब तक 51 करोड़ 47 लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं, जो एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है।**

**महाकुंभनगर/एजेन्सी।** प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शनिवार को एक करोड़ 38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य स्नान किया। प्रशासन के अनुमान के अनुसार, रविवार को भी स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रयागराज जिला प्रशासन और मेला प्राधिकरण ने विशेष इंतजाम किए। मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया था, जिससे श्रद्धालुओं को पैदल ही घाटों तक पहुंचना पड़ा। पुलिस प्रशासन ने निकटतम घाटों पर स्नान करने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अधिक समय न बिताने की अपील की। पूरे मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही थी, और बेरीकेडिंग के जरिये भीड़ को व्यवस्थित करने की कोशिशें दिनभर जारी रहीं।

महाकुंभ में अब तक 51 करोड़ 47 लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं, जो एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। इससे पहले, सरकार ने कुल 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया था, लेकिन वास्तविक आंकड़ा उससे कहीं अधिक निकल चुका है।

### महाकुंभ से विदा हुए दंडी स्वामी संत

बसंत पंचमी के अमृत स्नान के बाद 13 अखाड़ों की विदाई हो चुकी थी, अब माघ पूर्णिमा के साथ कल्पवासी और दंडी संन्यासी भी विदा हो गए। संगम तट पर एक महीने तक साधना करने के बाद, सनातन धर्म के संरक्षक माने जाने वाले दंडी संन्यासियों ने फाल्गुन त्रयोदशी पर अंतिम स्नान कर महाकुंभ को अलविदा कहा।

अखिल भारतीय दंडी परिषद के प्रमुख जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम ने बताया कि यह स्नान कल्पवास के दौरान अनजाने में हुए पापों के निवारण के लिए किया जाता है। दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी शंकराश्रम ने कहा कि 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि सनातन धर्म की शक्ति बढ़ रही है।

इस महाकुंभ में युवाओं की भागीदारी बढ़ी, जो धर्म के प्रति उनके बढ़ते जुड़ाव का संकेत है। योगी आदित्यनाथ हिंदू युवाओं के नए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं, और उनकी नीतियों ने सनातन संस्कृति को मजबूती दी है। संतों ने कहा कि महाकुंभ न केवल आध्यात्मिक उन्नति, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी प्रतीक है।

न्यूज़ अपडेट

## सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा 28 फरवरी से

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर (वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद) यूजीसी नेट दिसंबर-2024 परीक्षाएं 28 फरवरी से 2 मार्च तक राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा में गणितीय विज्ञान, पृथ्वी-वायुमंडलीय-महासागर और ग्रह विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, जीवन विज्ञान और भौतिक विज्ञान शामिल होंगे। यह तीन श्रेणियों के लिए आयोजित की जाएगी- जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए पात्रता, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और विश्वविद्यालयों में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश। शेड्यूल के अनुसार, गणितीय विज्ञान, पृथ्वी- वायुमंडलीय- महासागर और ग्रह विज्ञान तथा रासायनिक विज्ञान की परीक्षा 28 फरवरी को होगी, जबकि जीवन विज्ञान का पेपर 1 मार्च को होगा, उसके बाद 2 मार्च को भौतिक विज्ञान का पेपर होगा। परीक्षा प्रत्येक दिन दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी- पहली शिफ्ट सुबह 9रू00 बजे से दोपहर 12रू00 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे सुचारू प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए रिपोर्टिंग समय से पहले अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें।

## छात्रा की संदेहास्पद मौत, चाचा-चाची पर हत्या का आरोप

**जमशेदपुर।** पोटका थाना क्षेत्र के दाबांकी गांव मे 17 वर्षीय युवती धानी मार्डी के संदेहास्पद मौत का मामला प्रकाश में आया है। युवती का शव घर मे फंदे से लटका हुआ पाया गया है। घटना के बाद मृतका के ममेरा भाई सुंदर महाली ने पोटका थाना में लिखित शिकायत कर मामले में मृतका के चाचा बुधु महाली उर्फ सीताराम मार्डी, चाची पानो महाली उनके दोनों बेटे किशन मार्डी, अनिल मार्डी पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है. इस संबंध में शिकायतकर्ता सुंदर महाली ने कहा कि उनकी ममेरी बहन धानी मार्डी जो वर्तमान में वीमेंस कॉलेज बिस्टुपुर की मेघावी छात्रा थी उनके पिता का निधन लगभग पांच वर्ष पूर्व हो गया था। पिता के निधन के बाद वह अपने मां के साथ रहती थी मां का निधन भी पांच माह पूर्व हो गया जिससे वह अनाथ हो गई. और चाचा चाची के संरक्षण में उनके घर के समीप रहती थी .मां बाप के निधन के बाद धानी को हमारे परिवार के द्वारा कॉलेज में दाखिला दिया गया था जिससे धानी को चाचा चाची के द्वारा लगातार धमकी दिया जाता था एवं प्रताड़ित किया जाता था. धानी को लगातार हमारे परिवार से दूर रहने हेतु धमकी भी दी जाती थी . सुंदर महाली ने बताया कि उनकी ममेरी बहन को उसके चाचा चाची द्वारा दो बेटों की मदद से हत्या कर घर मे फंदे से टांग दिया गया है. पुलिस सही तरीके से मामले की जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करे.पोटका पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम जमशेदपुर भेज पोस्टमार्टम करा मामले की जांच में जुट गई है।



## परसुडीह में दिनदहाड़े स्कूटी चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद




**जमशेदपुर।** परसुडीह बाजार स्थित कल्पना मेडिकल के सामने से दिनदहाड़े रेलवे कर्मचारी की स्कूटी संख्या केएच09एचएस1782 चोरी हो गयी. घटना शुक्रवार सुबह करीब 11.45 बजे की है. इस संबंध में परसुडीह के मां दुर्गा अपार्टमेंट के रहने वाले रेलवे कर्मचारी राकेश कुमार ने बताया कि वह रेलवे कर्मचारी है. उनकी पोस्टिग पूर्व में केरल में थी. कुछ समय पूर्व ही वह जमशेदपुर ट्रांसफर आये है. वह रात ड्यूटी करके अपने घर लौटे थे। उनके पिता की तबीयत खराब थी और अपने पिता की इमरजेंसी में दवा लेने के लिए दिन के लगभग 11रू45 पर अपनी स्कूटी लेकर कल्पना मेडिकल गए थे. जल्दबाजी में उन्होंने स्कूटी की चाबी स्कूटी में ही छोड़कर कल्पना मेडिकल दवा लेने चले गए. इसी बीच एक युवक आया और स्कूटी ले उड़ा. इस घटना की वारदात सीसीटीवी में कैद है। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है कि भी सामने आया है कि अपने चेहरे पर रुमाल बांधा हुआ एक युवक काफी देर से स्कूटी के समीप नजर आ रहा है. इसके बाद युवक स्कूटी को धकेल कर बाहर निकलता है और थोड़ी देर इंतजार करता है फिर वह स्कूटी को धकेल कर थोड़ा सा आगे लेकर जाता है और वहां से स्कूटी में बैठकर फरार हो जाता है. उन्होंने बताया है कि स्कूटी चोरी जहां से हुई है वहां काफी चहल-पहल रहती है. वीडियो में भी देखा जा सकता है कि लोग वहां से आना जाना कर रहे हैं. इस घटना की जानकारी परसुडीह पुलिस को दे दी गयी है. वहीं सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की तस्वीर भी साझा किया गया है।

## एनटीटीएफ के 2 छात्रों का फैनुक में पांच लाख के पैकेज पर लॉक

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों फानुक कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा,तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया ।जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। कंपनी फैनुक द्वारा एनटीटीएफ के 2 छात्रों को 05 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। जापानी कंपनियों का एक समूह है जो रोबोटिक्स और कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल वायरलेस सिस्टम जैसे स्वचालन उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करता है ।सभी छात्रों ने 05 राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई। दोनों चयनित छात्र गुलशन कुमार, श्रेयांशु शेखर सेन फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एंबेडेड सिस्टम। सभी छात्रों को ने 05 लाख की पैकेज पर बैंगलोर स्थित फैनुक कंपनी के लिए लॉक किया है ।छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन एवम्-उप प्राचार्य रमेश राय ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर रमेश राय ,हरीश, दीपक सरकार, नेहा, हिरेश के साथ उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में बनेगें रेलगाड़ी के पहिये और वंदेभारत टेज्न के डिब्बे, चेम्बर ने त्वरित कार्यवाही करने का किया आग्रह

**जमशेदपुर।**

सिंहभूम चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने झारखण्ड सरकार को मिले रेल के पहिये और डिब्बे असेंबल कारखाना लगाने के प्रस्ताव पर सरकारी एवं प्रशासनिक स्तर पर समन्वयक बनाकर त्वरित कार्यवाही करने का आग्रह किया हैं। सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि झारखण्ड सरकार को पिछले दिनों कई बड़ी कंपनियों के द्वारा निवेश प्रस्ताव मिला है इनमें वोलटाक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा भी चाकुलिया में रेलगाड़ी के पहिये और वंदेभारत टेज्न के डिब्बे के निर्माण हेतु प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया गया है जो स्वागत योग्य है। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने इसपर हर्ष प्रकट करते हुये बताया कि सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल उनके नेतृत्व में अप्रेल, 2023 में रेलवे मंत्री अश्विन वैष्णव से मिलकर जमशेदपुर या इसके आसपास रेलवे के पाट्र्स बनाने से जुड़ी कंपनी की स्थापना के साथ ही विभिन्न मांगों के साथ एक मेमोरण्डम सौंपा था। रेल मंत्री ने जमशेदपुर या इसके आसपास रेलवे के पाट्र्स बनाने से जुड़ी कंपनी की स्थापना को लेकर चेम्बर के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि झारखण्ड सरकार को वोल्टॉक्स रेल प्राईवेट लिमिटेड द्वारा मिले प्रस्ताव से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चौम्बर का माननीय रेल मंत्री से मिलकर यह मांग रखने का प्रयास रंग ला रहा है और कोल्हान में रेलवे पार्टर्स निर्माण की चौम्बर की मांग जल्द पूरी होगी, इसके लिये झारखण्ड सरकार तथा प्रशासन को इस दिशा में समन्वय बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुये आगे बढ़ना चाहिए। झारखण्ड सरकार और प्रशासन के प्रयास से अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है तो यह कोल्हान समेत पूरे झारखण्ड को विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित इससें बड़ी मात्रा में यहां रोजगार उत्पन्न होगा तथा युवाओं का पलायन रूकेगा। इससे राज्य एवं केन्द्र के राजस्व में भी वृद्धि होगी। मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा कि यहां की अधिकतर एमएसएमई प्रतिष्ठान दो-तीन बड़ी कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन और उनके द्वारा मिले ऑर्डर पर ही पर ही इनका अस्तित्व अभी तक टिका हुआ है। ऐसे बड़े सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के जमशेदपुर या इसके आसपास निवेश से ही जमशेदपुर के एमएसएमई प्रतिष्ठानों को एक नई राह और नया बाजार उपलब्ध होगा। उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया एवं सचिव बिनोद शर्मा ने कहा कि कोल्हान के साथ झारखण्ड विकास की ओर अग्रसर हो सिंहभूम चौम्बर इसके लिये कार्य कर रहा है और आगे भी प्रयासरत रहेगा जिससे जमशेदपुर का विकास और अधिक तीव्र गति से हो सके। चेम्बर पदाधिकारियों में अनिल मोदी, राजीव अग्रवाल, भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, सीए अनिल अग्रवाल रिंगसिया आदि सदस्यों ने भी इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुये हर्ष व्यक्त किया है तथा सरकार को जल्द इसकी स्थापना हेतु सुगम मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह किया है।



# जिला के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने कई पंचायत क्षेत्रों का निरीक्षण कर समस्याओं से हुए अवगत

**जमशेदपुर।**

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी 11 प्रखंडों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड के पंचायत क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। साप्ताहिक निरीक्षण के क्रम में सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों ने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, जन वितरण प्रणाली दुकान, स्वास्थ्य उप केन्द्र, मनरेगा योजना तथा स्कूल आदि का निरीक्षण किया साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सहित स्थानीय लोगो को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश प्रखंड के पदाधिकारियों को दिया। इस क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने घाटशिला प्रखंड के बडाखुर्शी, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजुमदार ने बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला ने चाकुलिया के मालकुंडी, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा प्रखंड के कसमार, कार्यपालक पदाधिकारी अमन कुमार ने गुड़ाबांदा के बालीजुडी, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने धालभूमगढ के मौदशोली, डीसीएलआर घाटशिला ने बहरागोड़ा के चिंगड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने डुमरिया के खैरबनी, जिला परिवहन पदाधिकारी ने जमशेदपुर के खाकड़ीपाडा, कार्यपालक पदाधिकारी सुदीप्त राज ने मुसाबनी के दक्षिणी बादिया, कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह ने पोटका के मानपुर पंचायत सहित जुगसलाई नगर परिषद, मानगो तथा जुगसलाई नगर निगम क्षेत्र के भी नोडल ने नगर निकाय में क्रियान्वित योजनाओं की वस्तुस्थिति को जाना तथा सरकार की संस्थाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण को लेकर बताया कि सरकार के द्वारा संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पोषण की योजनाओं को गांव एवं पंचायतों में पहुचाने तथा नीचले स्तर की इकाईयों के माध्यम से सेवाएं बेहतर तरीके से आमजनों को मिले, पदाधिकारी एवं कर्मी क्षेत्र में रहकर योजनाओं को पहुचाएं साथ हीं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की संचालित योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो इसके लिए प्रखंड के पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन पीडीएस दूकान, स्वास्थ्य उप केन्द्र, मनरेगा योजना तथा स्कूल आदि का निरीक्षण किया जा रहा है। जिला प्रशासन इस दिशा में सतत प्रयासरत है कि धरातल पर विकास योजनाएं पहुंचे, सरकारी संस्थाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर सेवाएं मिले ताकि लोगों की बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जा सके।



## आज से 23 फरवरी तक जमशेदपुर में होगा स्काई डाइविंग फेस्टिवल



**जमशेदपुर।** झारखंड पर्यटन के तत्वावधान में स्काई डाइविंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन जमशेदपुर में 16 से 23 फरवरी तक होगा। सोनारी एयरपोर्ट में 10.30 बजे पूर्वाह्न पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन के निमित्त जिला उपायुक्त अन्यय मित्तल ने तैयारी का जायजा लिया तथा सोनारी एयरपोर्ट में बैठक का आयोजन कर प्रशासनिक एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, सिटी एसपी कुमार शिवशीष, डीएसएम धालभूम शताब्दी मजूमदार एवं अन्य मौजूद थे।

## जमशेदपुर में समय पर पासपोर्ट सत्यापन के सख्त आदेश

**जमशेदपुर।** एसएसपी किशोर कौशल द्वारा जारी नए निर्देश के अनुसार, यदि पांच दिनों के भीतर पासपोर्ट सत्यापन पूरा नहीं हुआ, तो जांच करने वाले पुलिस अधिकारी को जवाबदेह ठहराया जाएगा। यह आदेश पूर्वी सिंहभूम के सभी पुलिस थानों पर लागू है, जिसमें अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निपटान करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि आवेदकों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। एसएसपी कौशल ने जोर देकर कहा कि यदि किसी आवेदक को अनावश्यक देरी या कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो पुलिस थाना प्रभारी भी जवाबदेह होंगे। वर्तमान में, जिले में हर महीने लगभग 3,000 पासपोर्ट आवेदन संसाधित किए जाते हैं। सत्यापन प्रक्रिया में आवेदक के आवासीय विवरण की पुष्टि करने, आवेदन के साथ उनकी तस्वीर का मिलान करने और अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र करने के लिए स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा पृष्ठभूमि की जांच शामिल है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन आयोजित की जाती है, जिसमें आवेदन पहले जमशेदपुर में एसएसपी कार्यालय में विदेश शाखा विभाग में पहुंचते हैं। वहां से, उन्हें जांच के बाद विदेश शाखा को वापस करने से पहले सत्यापन के लिए संबंधित पुलिस स्टेशनों में भेजा जाता है। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि पुलिस का काम सुचारू व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि आवेदकों को देरी या परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# पूर्वी सिंहभूम पुलिस के 980 कर्मियों को आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल से हाई-टेक ट्रेनिंग

**जमशेदपुर।**

पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस के 980 पुलिसकर्मियों को आधुनिक पुलिसिंग के तहत आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से हाई-टेक ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रशिक्षण में 8 डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर, 332 सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और 600 असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) शामिल होंगे। सभी कर्मियों को 15 दिनों के भीतर पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा और जांच अधिकारियों को निर्देशात्मक वीडियो देखकर छह कोर्स की ट्रेनिंग पूरी करनी होगी। डीएसपी (लॉ एंड ऑर्डर) अकरम रजा को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, गोलमुरी पुलिस लाइन के मेजर बंधु देवगम और जुगसलाई के पूर्व एसएचओ नित्यानंद प्रसाद को भी नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस कार्यक्रम का आधिकारिक शुभारंभ झारखंड के एडीजी (प्रौद्योगिकी एवं आधुनिकीकरण) सुमन गुप्ता ने राज्य पुलिस मुख्यालय में किया। उन्होंने शत-प्रतिशत पंजीकरण और प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद एसएसपी किशोर कौशल ने डीएसपी के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार की और सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे प्रशिक्षण प्रक्रिया का सख्ती से अनुपालन कराएं। प्रशिक्षण के तहत छह प्रमुख विषयों को शामिल किया गया हैः- सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, पुलिसिंग में नई तकनीक का उपयोग, साइबर सुरक्षा उपाय, मिशन लाइफ के तहत उन्मुखीकरण, तनाव प्रबंधन के लिए योग ब्रेक, राज्य सरकार ने इस पहल को समर्थन देते हुए ई-एविडेंस ऐप से लैस मोबाइल उपकरणों की खरीद के लिए प्रति अधिकारी 25,000 रूपये मंजूर किए हैं। इसके तहत अधिकारी स्मार्टफोन खरीदकर बिल जमा करेंगे और प्रतिपूर्ति का दावा कर सकेंगे। इससे डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने और प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। इस संबंध में एसएसपी किशोर कौशल ने सभी 980 पुलिस अधिकारियों को 23 फरवरी तक पंजीकरण पूरा करने और अनिवार्य प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए हैं। डीएसपी इस कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी करेंगे, ताकि इसे पूरी तरह सफल बनाया जा सके।



# श्रीराम मंदिर स्थापना के पांचवीं वर्षगांठ पर 22 से 28 फरवरी तक सिदगोड़ा सूर्यधाम में होगा संगीतमय कथा

## 21 फरवरी को भव्य शोभायात्रा और 1 मार्च को विशाल महाभण्डारा

**जमशेदपुर।**

लौहनगरी जमशेदपुर इस वर्ष फिर से भक्ति और श्रद्धा की दिव्य धारा में डुबकी लगाने को तैयार है। सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना की पंचम वर्षगांठ पर 21 फरवरी से 1 मार्च तक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा, शोभायात्रा, विशेष पूजन-हवन समेत कई अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन की सफलता के लिए सूर्य मंदिर समिति ने शहर के एक लाख घरों तक आमंत्रण पत्र भेजने का लक्ष्य रखा है और श्रद्धालुओं से राम काज हेतु 10 रुपये का सहयोग देने का आ''ान किया है। शनिवार को साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह एवं पदाधिकारियों ने आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर जनभागीदारी और जनसहयोग से एक भव्य स्वरूप में स्थापित हुआ है। आज यह झारखंड के एक सुंदर, रमणीक और दार्शनिक स्थल के रूप में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसी श्रद्धा और भक्ति को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए इस वर्ष भी श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे। चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि आयोजन की शुरुआत 21 फरवरी को होगी, जिसमें दोपहर 3 बजे सुगना कॉलोनी, बारीडीह मंदिर से भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण निकलेगा। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए सूर्यधाम पहुंचेगी। शोभायात्रा के माध्यम से प्रभु श्रीराम की भव्य महिमा का प्रचार-प्रसार होगा और शहरवासियों को इसमें अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है। इसके लिए मंदिर समिति के सदस्य शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर रहे हैं। सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 21 फरवरी को भव्य शोभायात्रा एवं 7 दिवसीय श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस धार्मिक आयोजन को ऐतिहासिक बनाएं। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 22 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7रू30 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। इस कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधार रहे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज करेंगे। वे श्रीरामचरितमानस की संगीतमय कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों से जोड़ेंगे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर की पंचम वर्षगांठ के पावन अवसर पर विशेष पूजन, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए मंदिर समिति ने कार्यों को अलग-अलग उपसमितियों में विभाजित कर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। वहीं, पूरे मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में आकर्षक पुष्पसज्जा एवं विद्युत सज्जा की जा रही है। मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा ने बताया कि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, पक्के पंडाल और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ताकि किसी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



न्यूज़ अपडेट

# दूर नहीं हो रहा एचईसी कर्मियों के वेतन का संकट




**एजेंसी:रांची।** एचईसी कर्मियों के वेतन संबंधित संकट दूर नहीं हो रहा है। 26 माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में घोर निराशा है। कर्मचारी पाई पाई का मुहताज हो गए हैं। उनके पास घर चलाने के लिए पैसे नहीं हैं। हालांकि कई कर्मी वैकल्पिक रोजगार कर किसी तरह से घर परिवार का खर्च वहन कर रहे हैं, लेकिन अधिसंख्य कर्मचारी टकटकी लगाकर एचईसी प्रबंधन और केंद्र सरकार की ओर देख रहे हैं। कर्मचारियों को एचईसी प्रबंधन की ओर से पिछले वर्ष नवंबर माह में महज 15 दिनों का वेतन छठ महापर्व को लेकर दिया गया था। लेकिन उसके बाद फिर किसी तरह का भुगतान उन्हें नहीं किया गया है। यही वजह है कि कई कर्मियों के बच्चों की पढाई भी छूटने को है। उल्लेखनीय है कि एचईसी में लगभग 2340 कर्मचारी और अधिकारी हैं, जिसमें 1400 ठेका कर्मचारी और शेष 900 अधिकारी और स्थायी कर्मचारी शामिल हैं। कर्मियों का बकाया 26 माह से जबकि अधिकारियों का 29 माह से बकाया है। वहीं एचईसी मंजदूर संघ के महामंत्री रामाशंकर प्रसाद कहते हैं कि कर्मियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। स्कूल में कर्मियों के बच्चों की फीस कई माह से बकाया है। प्रबंधन को चाहिए कि एचईसी की जमीन पर जिन स्कूलों का संचालन हो रहा है उन स्कूलों में पढ़ रहे कर्मियों के बच्चों की फीस माफ करा दे। ताकि, कर्मियों पर से कुछ आर्थिक बोझ कम हो।

# आंदोलनकारी के रूप में रही टेकलाल की पहचान : कमलेश



**एजेंसी रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को कांग्रेस भवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक, रहे आंदोलनकारी टेकलाल महतो की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किय प्रदेश अध्यक्ष कहा कि टेकलाल महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही। बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये। उन्होंने कहा कि 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत स्थित लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ और शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी। इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे। उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था। इसके तहत किसानों को 10 रुपये क्विटंल की दर से धान सरकार को बेचना था। झारखंड और छोटानागपुर क्षेत्र के किसान इसके खिलाफ गोलबंद हुए। आंदोलन की अगुवाई कर रहे टेकलाल महतो का कहना था कि सिंचाई की सुविधा नहीं है तो लेवी भी नहीं देंगे। इस आंदोलन ने संयुक्त बिहार सरकार को हिला दिया और उसे झुकना पड़ा था। किसानों ने तब नारा लगाया था। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह, अभिलाष साहु, रजन वर्मा, विनय सिन्हा दीपू, केके गिरि, डॉ एम तौसीफ अमुल्य नीरज खलखो, कमल ठाकु, खुर्शीद हसन रूमी, विनय कुमार चौबे, केदार पासवान समेत अन्य शामिल थे।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह न्यायालय में हुई पेश, बयान हुआ दर्ज



**एजेंसी रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री सह गोड्डा के महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शनिवार को पेशी हुई। पेशी एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। मामले में बयान दर्ज हुआ। अगली तिथि एक मार्च को निर्धारित है। इससे पहले वाली तिथि में तीन पुलिस पदाधिकारी समेत 12 गवाहों की गवाही गुजरी। सभी गवाहों ने घटना का समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि यह मामला वर्ष 2017 का है। जहां क्षेत्र भ्रमण के दौरान महागामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस के तत्कालीन जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंची थी। मामले में कांड संख्या 72/2017 में भादवि की धारा 147,149,353,332,427,283,504,506 एवं 120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

# रांची के 1.29 लाख बच्चों का प्रोफाइल अपडेट नहीं, अधर में भविष्य

रांची, 15 फ़रवरी (हि.स.)। शिक्षा विभाग की वेबसाइट यूडायस प्लस पर रांची जिले के 1711 स्कूलों ने एक लाख 29 हजार 91 बच्चों की प्रोफाइल को अपडेट नहीं किया है। इनमें सरकारी, निजी, मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूल, कल्याण विभाग की ओर से संचालित स्कूल, इंटर कॉलेज, 531 गैर मान्यता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इससे इन बच्चों का भविष्य अधर में पड. गया है। इस संबंध में उपर्युक्त स्कूलों को जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कई बार पत्र भेजा गया, लेकिन इन स्कूलों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और इसे लेकर छह माह बीत गए।

# भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन, तेलंगाना पुलिस बनी ओवरऑल चैंपियन

**एजेंसी:रांची**




रांची के खेलगांव में आयोजित 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हो गया। इस पुलिस मीट की शुरुआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही। झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था। वहीं मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता रही, जबकि तेलंगाना की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, जबकि दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला।कंप्यूटर अवेयरनेस और आईटी कंपटीशन में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। जबकि बीएसएफ दूसरे नंबर पर रही। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही। बेस्ट डॉग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के स्वान दस्ते को गोल्ड मेडल मिला। साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना की टीम विजेता रही, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और तीसरे स्थान पर झारखंड पुलिस की टीम रही। एनसीआरबी ट्रॉफी फॉर एम्पावरिंग पुलिस विद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। राइफल रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, साइंटिफिक एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी सबोटेज चेक, श्वान दस्ते की प्रतियोगिता, विधि विज्ञान परीक्षा, लिखित मेडिको लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी परीक्षा, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रूल्स और कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुलिस टीमों ने भाग लिया था। मौके पर राज्य पुलिस के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी, उद्घाटन मैच नेपाल-दिल्ली में



**एजेंसी:रांची**

जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में शहीदों की स्मृति में आयोजित हो रहे अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई है। 16 से 23 फरवरी तक टूर्नामेंट चलेगा। इसमें छह से अधिक चोटी की टीमें भाग लेगी। पलामू पुलिस एवं पलामू फुटबॉल आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। शनिवार को पुलिस लाइन में इस संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि 16 फरवरी को नेपाल एफसी वर्सेज नॉर्थन रेलवे एफसी दिल्ली, 17 फरवरी को एसईआरएसएसी केपी डिविजन वर्सेज एमईजी सेंटर बैंगलोर, 18 फरवरी को एसबीएसटीसी दुर्गापुर वर्सेज आजाद क्लब समस्तीपुर बिहार, 19 फरवरी को वाईवाईबी एकेडमी वर्सेज पलामू एफसी, 20 एवं 21 फरवरी को सेमीफाइनल एवं 23 फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 22 फरवरी को कोलकाता एफसी वर्सेस झारखंड एफसी का शो मैच महिला टीम द्वारा खेला जाएगा। मौके पर मेदिनीनगर के पुलिस निरीक्षक, समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली, बबलू गुप्ता, विमल चन्द्रवंशी, ब्रजेश शुक्ला, विक्रांत दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी

**एजेंसी:रांची**



कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू (कोप्पुला राजू) को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की है। के. राजू प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का स्थान लेंगे। गुलाम अहमद मीर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के प्रदेश प्रभारी बनाए गए थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 लड़ा था। लोकसभा में कांग्रेस को दो सीटों पर और विधानसभा में 16 सीटों पर जीत मिली थी। नए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू आंध्र प्रदेश के नेल्लौर के रहने वाले हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर रहे हैं। संगठन के कार्यों के सिलसिले में वे कई बार झारखंड का दौरा कर चुके हैं। राजू को राहुल गांधी का बहुत करीबी सहयोगी माना जाता है। के. राजू अगस्त 2013 में सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें पार्टी की अनुसूचित जाति इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया था। आंध्र प्रदेश के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी रहे के. राजू ने 2013 में अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हुए थे। सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा बिल का ड्राफ्ट तैयार करने में भी के. राजू की अहम भूमिका रही है। के. राजू का पूरा नाम कोप्पुला राजू है। वे 2024 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। चुनाव के दौरान उन्होंने शपथ पत्र में घोषित किया था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।

**कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई-** प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने नए प्रदेश प्रभारी के राजू को बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता छोटू, राकेश कुमार सिन्हा, सोनाल शांति आदि ने बधाई देते हुए कहा है कि के राजू का झारखंड से गहरा और पुराना नाता रहा है। उनके संगठनात्मक अनुभव, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से पार्टी को अपार लाभ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में झारखंड कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी तथा जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ेगी।

# पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग, 17 फरवरी को होगी सुनवाई

**एजेंसी:रांची**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रांची के पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। ईडी ने कोर्ट से आग्रह किया है कि मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न दी जाए। ईडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार उन्हें कोई विभाग सौंपती है, तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर मामले को प्रभावित कर सकती हैं। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद अब दोनों पक्षों की बहस होगी। गौरतलब है कि ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले, पांच मई को उनके 25 ठिकानों पर छापेमारी में बेहिसाब नकदी और निवेश से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी। उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा कर दिया गया था। हालांकि, वे अब भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के तहत जेल से बाहर रहने के दौरान उनका निलंबन समाप्त कर दिया गया है।


# आंदोलनकारी के रूप में रही टेकलाल की पहचान : कमलेश

**एजेंसी: रामगढ़**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को कांग्रेस भवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक, रहे आंदोलनकारी टेकलाल महतो की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि टेकलाल महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही। बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये। उन्होंने कहा कि 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत स्थित लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ और शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी। इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे। उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था। इसके तहत किसानों को 10 रुपये क्विटंल की दर से धान सरकार को बेचना था।झारखंड और छोटानागपुर क्षेत्र के किसान इसके खिलाफ गोलबंद हुए। आंदोलन की अगुवाई कर रहे टेकलाल महतो का कहना था कि सिंचाई की सुविधा नहीं है तो लेवी भी नहीं देंगे। इस आंदोलन ने संयुक्त बिहार सरकार को हिला दिया और उसे झुकना पड़ा था। किसानों ने तब नारा लगाया था। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह, अभिलाष साहु, रजन वर्मा, विनय सिन्हा दीपू, केके गिरि, डॉ एम तौसीफ अमुल्य नीरज खलखो, कमल ठाकु, खुर्शीद हसन रूमी, विनय कुमार चौबे, केदार पासवान समेत अन्य शामिल थे।

# नए कानून के तहत चिकित्सक भी निभाएं अपनी जिम्मेदारी : एसपी




**एजेंसी: रामगढ़**

भारतीय न्याय संहिता को समझ कर पुलिस जिस तरह कार्रवाई कर रही है, उसकी सफलता तभी संभव है, जब चिकित्सक भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। शनिवार को एसपी के निर्देश पर रामगढ़ के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं की जानकारी दी गई। एसपी अजय कुमार ने बताया कि जिले में गैर पुलिस कर्मियों जैसे चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए अपराधी कानून के तहत उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी के बारे में बताया जाना है। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में डीएसपी मुख्यालय चन्दन कुमार वत्स के जरिये प्रशिक्षण दिया गया। उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 68 चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया।

# चेन स्नेचिंग करने वाले गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार, गये जेल

**एजेंसी: रामगढ़**




चेन स्नेचिंग गिरोह का खुलासा करते हुए दुमका पुलिस दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में अनीष कुमार एवं संजू कुमार है। दोनों अपराधी बिहार के कटिहार जिले के थाना कोढ़ा के नया टोला जुराबगंज गांव के रहने वाले है। एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि बीते 14 फरवरी को शिकायतकर्ता कल्याणी दत्ता के लिखित आवेदन के अधार पर चेन स्नेचिंग का अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज करायी थी। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया था कि बेटे के ससुराल में गुप्ता मेडिकल के सामने वाली गली में टहल रही थी कि इसी बीच एक काला रंग के प्लसर पर सवार दो युवक इनके समीप आये एवं पीछे बैठा अपराधी गले से चेन झपट्टा मार कर छीनकर भाग निकले। इस दौरान महिला ने मोटरसाईकिल प्लसर का रजिस्ट्रेशन नम्बर ( जेएच 05बीबी-3463) देखा लिया गया। एसपी ने बताया कि मामला दर्ज कर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों के पास से आठ हजार नगद समेत घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, एक आईटेल कम्पनी का किपैड मोबाईल, एयरटेल कम्पनी का एक सिम, आधार कार्ड, खुजली करने वाला पाउडर, मास्टर की, एक पिठु बैग बरामद करने में सफल रही। एसपी ने बताया कि अपराधी इतने शातिर थे कि घटना को अंजाम देकर अपना कपड़ा बदल लेते थे। अपराधी अपने साथ बैग में कपडा लेकर चलते थे।

# मंत्री संजय प्रसाद यादव पहुंचे चतरा, अधिकारियों के साथ की बैठक

**एजेंसी: रामगढ़**




राज्य के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव शनिवार को चतरा पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त रमेश घोलप ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय में उपायुक्त की उपस्थिति में महाप्रबंधक एनटीपीसी, मगध संघ मित्रा क्षेत्र, आम्रपाली चन्द्रगुप्त, अशोका, पूर्णाडीह एवं संबंधित निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि, रैयत समेत अन्य के साथ बैठक हुई। बैठक में उन्होंने परियोजना क्षेत्र में चलने वाले वाहनों, खनिज, परियोजनाओं में कार्य करने वाले कर्मी, रैयतों को पुनर्वास एवं पुनः स्थापन के तहत मुआवजा भुगतान, कर्मियों को मिलने वाले लाभ, मजदूरों को नियमसंगत दी जाने वाली सुविधाओं, पेयजलापूर्ति समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की क्रमवार जानकारी लेते हुए परियोजनाओं के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि परियोजना क्षेत्र में कितने मजदूर कार्य कर रहें हैं उसमें कितने स्थानीय है मजदूरों को नियमसंगत मानदेय दिया जा रहा है या नहीं। मजदूरों को नियम संगत दी जानी वाली सुविधाओं का सूची उपलब्ध करायें। बैठक में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सुविचार

**महान दिमाग विचारों की चर्चा करता है, औसत दिमाग घटनाओं की चर्चा करता है और छोटा दिमाग लोगों कि चर्चा करता है**

## ट्वीट

भजनलाल सरकार ने अपने एक साल के कार्यकाल में जनहित को प्राथमिकता देते हुए संकल्प पत्र के 50% से अधिक वादों को पूरा किया है। रोजगार, भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर, और 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश समझौते सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

-मदन राठौड़



कलिंगा लिटरेचर फेस्टिवल बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल से एक शानदार मुलाकात रही। कला-साहित्य के इन दिग्गजों पद्मविभूषण सुदर्शन साहू , अशोक बल , श्री उपेंद्रनाथ बेहरा और पीके दास का सम्मान और उनके साथ राजस्थानी स्वाद साझा करने के पल यादगार बन गए।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत



## कहानी

मुंशी प्रेमचंद

# आप-बीती

साहित्यकारों की जिंदगी में एक ऐसा वक्त भी जरूर आता है, जब प्रशंसकों की तरफ से उन्हें ढेरों पत्र प्राप्त होते हैं और वो खुशी से झूम उठते हैं। यह एक ऐसा वक्त होता है जब लेखक अपनी सारी समस्याओं को भूल खुशी का अनुभव करता है। वो पत्रों के सागर में डूब जाता है और लहरों के साथ कल्पना के एक नए शिखर पर पहुंच जाता है। उस पल 'मैं भी कुछ हूं' यह महत्व महसूस होता है। कुछ ऐसा ही अनुभव मैंने सावन महीने में किया जब मुझे मेरी रचनाओं की प्रशंसाओं से भरा पत्र प्राप्त हुआ। इस पत्र में दिल खोलकर मेरी कृतियों की तारीफें की गई थी।

पत्र भेजने वाले खुद एक उत्तम कवि थे। उनकी कविताएं अक्सर पत्रिकाओं में छपती थीं। मैं उनका यह पत्र पढ़कर फूला नहीं समा रहा था। मैं खुशी के मारे उसी वक्त उस पत्र का जवाब लिखने बैठ गया था। उस उत्साह में मैंने जो कुछ भी पत्र में लिखा इस समय वो याद नहीं है। हां, इतना याद है कि उस पत्र में शुरू से अंत तक प्रेम भरे मीठे शब्द लिखे थे। हालांकि, मैं कभी कविता नहीं लिखता था, लेकिन फिर भी मैं शब्दों को जितना सुंदर बना सकता था, मैंने उतना संवार दिया था। यहां तक कि पत्र लिखने के बाद जब मैंने उसे फिर से पढ़ा तो मुझे कविता बहुत पसंद आई। पूरा पत्र भाव से भरपूर था।

पांचवे दिन उसी कवि का एक और पत्र मुझे मिला। वो पहले वाले पत्र के मुकाबले और ज्यादा प्रभावी था। उसमें मुझे प्यारे भाईया कहकर पुकारा गया था। साथ ही मेरी रचनाओं की एक सूची और प्रकाशकों के बारे में उनके नाम और पते पूछे गए थे। इसके साथ ही पत्र के अंत में ये भी कहा गया था कि मेरी पत्नी आपकी बहुत बड़ी प्रशंसक है और आपकी लेखन को पढ़ना पसंद करती है। साथ ही पत्र में यह भी लिखा गया था कि मेरी पत्नी पूछ रही थी कि आपकी शादी कहां हुई है, आपके बच्चे कितने हैं और आपकी कोई फोटो है, तो प्लीज भेज दीजिए। वहीं, पत्र में मेरे जन्म स्थान और वंश की भी जानकारी पूछी गई थी। पत्र के उसके अंतिम खबर ने मुझे खुश कर दिया था।

पहली बार ऐसा हुआ था जब किसी महिला ने अपने मुंह से मेरी तारीफ की थी और यह सुनने का मौका मुझे मिला था। यह सुनकर ऐसा लगा कि कोई मेरी बुरे कर्मों की तारीफ कर रहा है। उस दौरान तारीफ में जितने भी शब्द मुझे याद थे, उन सबको मैंने पत्र में लिख डाला और अपने परिवार और खानदान के विषय में ऐसा जिक्र किया कि जैसे किसी कवि ने भी कभी राजा का गुणगान नहीं किया हो। मेरे दादाजी एक जमींदार के यहां कर्मचारी थे, लेकिन उन्हें मैंने रियासत का प्रबंधक बताया था। वहीं, अपने क्लर्क पिता को मैंने दफ्तर का प्रधानाध्यक्ष बताया। पत्र में किसानी को जमींदारी बताया था।

इसके अलावा, अपने लेखन की गिनती को तो बढ़ा न सका, लेकिन उनके महत्व को बड़े अच्छे से समझा दिया था। देखा जाए, तो अपनी तारीफ करना एक सिरफिरापन है, लेकिन इशारों में यह काम आसानी से किया जा सकता है। खैर पत्र खत्म हो चुका था और लेटरबॉक्स में पहुंच चुका था। इसके बाद हफ्ते तक कोई भी पत्र नहीं आया। मैंने पत्र में अपने हिसाब से अपनी पत्नी की तरफ से भी कुछ बातें लिखी थीं। उम्मीद थी कि घनिष्ठता बढ़ेगी, लेकिन ऐसा लग रहा था कि कहीं वे मुझे मतलबी और सेंटिमैंटल न समझने लगा हो। इसलिए, कोई पत्र नहीं लिखा हो। आश्विन के महीने का तीसरा पहर था। हर तरफ रामलीला का उत्साह था। मैं भी अपने एक दोस्त के घर था, वहां ताश की बाजी चल रही थी। अचानक एक व्यक्ति वहां मेरे बारे में पूछते हुए व मेरा नाम लेते हुए वहां आया और मेरे बगल की कुर्सी पर आकर बैठ गया। मैं उसे नहीं जानता था। मैं सोच में था कि आखिर कौन है ये आदमी और यहां कैसे आया। मेरे दोस्त लोग भी उन महाशय को देखकर इशारेबाजी करने लगे थे। मैंने विनम्रता के साथ उस महाशय का नाम पूछा।

जवाब मिला- 'मेरा नाम उमापति नारायण है।' मैं जवाब सुनते ही खुश होकर उनके गले लग गया। यह कोई और नहीं, बल्कि वही कवि महोदय थे जिन्होंने मुझे पत्र भेजा था। मैंने उनसे उनका हाल-चाल पूछा। फिर पान और इलायची खिलाई और पूछा कि यहां कैसे आना हुआ। उन्होंने जवाब दिया, घर चलिए फिर विस्तार से बताउंगा। मैं आपके यहां से होकर आया हूं, वहां मुझे पता चला कि आप यहां हैं, तो मैं पूछता हुआ यहां आ गया। फिर मैं फौरन उनके साथ जाने के लिए तैयार हो गया। उनके कमरे से निकलते ही मेरे दोस्तों ने इशारे में मुझसे पूछा कि यह साहब कौन हैं? मैंने दोस्तों को बताया कि ये मेरे नये मित्र हैं।

मित्र ने कहा कि थोड़ा सावधान रहिएगा, मुझे ये थोड़े उचक्के लग रहे हैं। मैंने कहा, आपका यह अनुमान गलत है, आप आदमी को हमेशा उसके कपड़ों से जज करते हैं, लेकिन इंसान वस्त्रों में नहीं, बल्कि दिल में होता है। मित्र- खैर ये रहस्य की बात है, बाकी आप जानें मैं आपको बस सावधान कर रहा हूं। मैंने मित्र की बात पर कोई जवाब न दिया और और उमापति जी को लेकर अपने घर आ गया। मैंने उनके लिए बाजार से खाना मंगवाया। इस दौरान उन्होंने अपनी कई सारी कविताएं मुझे सुनाई। कविताएं सुनाते वक्त उनकी आवाज बहुत मनोहर और मीठी लग रही थी। हालांकि, कविताएं तो मुझे समझ नहीं आईं, लेकिन मैंने उनकी कविताओं की तारीफ के पुल बांध दिये। मैं खुशी के मारे उनकी कविताओं की वाह-वाही करने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे मानों मुझसे बढ़कर कोई काव्य प्रेमी नहीं है। शाम के वक्त हम दोनों रामलीला देखने गए। वहां से लौटकर आने के बाद मैंने उन्हें खाना खिलाया। इसके बाद उन्होंने अपनी यात्रा के बारे में बताना शुरू किया। उन्होंने बताया कि वह इस वक्त कानपुर जा रहे हैं, अपनी पत्नी को लेने के लिए।

उनका मकान कानपुर में है। उन्होंने उस वक्त अपने विचार को साझा करते हुए बताया कि उनकी इच्चा मासिक पत्रिका निकालने की है। उन्होंने बताया कि प्रकाशक कविताओं के लिए एक हजार रुपये देते हैं, लेकिन उनकी इच्छा है कि

वे कविताओं को पत्रिका में क्रमश: निकालें फिर अपने ही पैसों से पुस्तकाकार प्रिंट करवाएं। उमापती ने यह भी बताया कि उनकी जमींदारी कानपुर शहर में है, लेकिन वो साहित्यिक जिंदगी बिताना चाहते हैं। उन्हें जमींदारी से नफरत है।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी लड़कियों के एक स्कूल में प्रधानाध्यापिका हैं। यह सारी बातें देर रात तक चलती रहीं। अधिकांश बाते उस दिन की याद नहीं है। हां, बस यह याद है कि हमने अपने भावी जिंदगी का एक प्रोग्राम बना लिया था। उस वक्त मैं अपनी किस्मत को सराह रहा था कि घर बैठे-बैठाये मुझे भगवान ने एक सच्चा दोस्त भेज दिया। हम लोगों को बात करते-करते लगभग आधी रात यूं ही बीत गई थी। उन्हें अगले दिन सुबह 8 बजे निकलना था। जब मैं सोकर उठा तो सुबह के 7 बज रहे थे।

मैंने देखा कि उमापति जी जाने के लिए तैयार थे। बोले- इजाजत दीजिए लौटते वक्त इधर से ही जाउंगा। इस वक्त आपको तकलीफ दे रहा हूं। माफ करिएगा। जब कल मैं चला था तो उस वक्त सुबह के 4 बज रहे थे। चलने की चिंता में पूरी रात जागना पड़ गया। गाड़ी में बैठते ही झपकियां आने लगीं। तो मैंने कोट उतार दिया और फिर लेटा तो फौरन सो गया। मुगलसराय में आंख खुली तो देखा कि कोट गायब था। कोट को मैंने चारो तरफ ढूंढा। पता ही नहीं चला कि मेरा कोट किसी ने चोरी कर लिया है। मेरे कोट में उस वक्त 50 रुपये रखे थे, वो भी साथ में चले गए। पत्नी के मैके उसे लेने जाना है और जाते वक्त मुझे कपड़े ले जाने हैं। आप मुझे 50 रुपए उधार दे दीजिए। ससुराल में हर वक्त थोड़े-बहुत पैसे खर्च होने स्वाभाविक हैं। ऐसे में अगर पैसे ना खर्च करो, तो हंसी होगी। मैं जब वापसी में इधर से लौटूंगा तो आपको पैसे देता हुआ जाऊंगा।

मैं उनकी बात सुनकर बड़ी दुविधा में था। मुझे पहले भी एक बार धोखा मिला था। फौरन मन में ख्याल आया कि कहीं इस बार भी धोखा न खा जाऊं। फिर तुरंत ही मुझे अपने इस ख्याल पर शर्म आने लगी। मैंने सोचा, इस संसार में हर आदमी एक जैसा नहीं होता। ये बेचारे कितने सज्जन आदमी हैं। इस वक्त मुसीबत में हैं। ये सोचते हुए मैंने अपनी पत्नी को कहा कि अगर तुम्हारे पास कुछ पैसे हैं तो दे दो। पत्नी ने पूछा, क्या करोगे? मैंने कहा, कल जो मेरे मित्र आए हैं किसी ने उनके रुपये सफर के दौरान चुरा लिए हैं। उन्हें ससुराल अपनी पत्नी को लेने जाना है। लौटते वक्त वो पैसे दे देंगे। मेरी बातों को सुनकर पत्नी ने मजाक करते हुए कहा कि तुम्हारे जितने भी दोस्त आते हैं, सब तुम्हें धोखा देने ही आते हैं। मेरे पास कुछ पैसे नहीं हैं। फिर मैंने थोड़ा अपनी पत्नी को मनाते हुए कहा कि अगर पैसे हैं तो दे दो ना, बेचारे तैयार होकर खड़े हैं। उनकी गाड़ी छूट जाएगी।

पत्नी ने कहा, बोल दो जाकर कि इस वक्त घर में कोई पैसे नहीं हैं। मैंने कहा, यह कहना इतना आसान बिल्कुल नहीं है। इसका मतलब यह है कि मैं दरिद्र होने के साथ-साथ अच्छा दोस्त भी नहीं हूं। क्या मेरे पास 50 रुपये का भी इंतजाम नहीं हो सकता। उमापति जी को इसपर कभी भी यकीन नहीं होगा कि मेरे पास इतने पैसे भी नहीं है। इससे तो यह सही है कि उनसे मैं सीधे-सीधे कह दूं कि हमे आप पर बिल्कुल भी यकीन नहीं हैं। मेरी बातें सुनकर पत्नी ने झुंझला कर बक्से की चाभी मेरे सामने फेंकते हुए कहा कि तुम जितनी आसानी से बहस कर लेते हो, अगर उतनी आसानी से आदमी परखना जानते तो अभी तक इंसान बन गए होते। जाओ और दे दो ये रुपये। इन रुपयों को उधार समझकर मत दो, ये समझना कि इन रुपयों को पानी में फेंक दिया। मुझे तो बस आम से मतलब था ना कि पेड़ की गिनती से। मैंने रुपये निकालकर उमापति जी को उसी वक्त दे दिए। उमापति जी ने पैसा लौटाने का वादा किया और चले गए।

उमापति सातवें दिन फिर शाम को घर वापस आएं। उनके साथ इस बार उनकी पत्नी व बेटी थी। दही-चीनी खिलाकर मेरी पत्नी ने उन लोगों का स्वागत व आदर-सत्कार किया। यहां तक कि 20 रु मुंह-दिखायी के दिये। इसके साथ की उनकी बेटी को भी मेरी पत्नी ने मिठाई खाने के लिए 2 रुपए दिये। मुझे लगा था कि उमापति जी आने के बाद ही मेरे रुपये लौटा देंगे, लेकिन उन्होंने रात में रुपयों का कोई जिक्र तक नहीं किया। सोते वक्त मैंने पत्नी से कहा कि रुपये का तो इन्होंने जिक्र तक नहीं किया।

पत्नी ने मेरी बात सुनकर हंसते हुए कहा कि क्या तुम्हे सच में उम्मीद थी कि वो आते ही फौरन तुम्हारे पैसे लौटा देंगे। मैंने पहले ही तुमसे कहा था कि रुपये मिलने की उम्मीद से उन्हें पैसे मत देना। यह समझो कि ये पैसे किसी दोस्त की मदद के लिए दिए थे, लेकिन तुम तो विचित्र हो। पत्नी की बातें सुनकर मैं लज्जित होकर चुप रह गया। उमापति अपने परिवार वालों के साथ दो दिन तक मेरे घर में रुके। मेरी पत्नी ने इस दौरान उन लोगों का खूब आदर-सत्कार किया। मुझे फिर भी संतोष नहीं था, क्योंकि मैं समझता था कि इन्होंने मेरे साथ धोखा किया था। तीसरे दिन वो सुबह जल्दी अपने घर जाने को तैयार हो गए। मुझे अब उम्मीद थी कि वो मेरे रुपये लौटा देंगे। ऐसा नहीं हुआ, वो अब एक नई रामकहानी सुनाने लगें। उन्होंने बिस्तर बांधते हुए कहा कि मुझे बड़ा ही दुख है कि इस बार मैं आपके पैसे नहीं लौटा पाउंगा। दरअसल, बात ये है कि घर में पिताजी से मुलाकात नहीं हो पाई। वे किसी काम से गांव गये हुए थे। मेरे पास इतनी छुट्टियां नहीं थी कि उनसे मिलने मैं गांव तक जाता। गांव जाने के लिए रेल का वहां कोई भी जरिया नहीं है। वहां पहुंचने के लिए बैलगाड़ियों से जाना पड़ता है। इसीलिए, सिर्फ एक दिन मैं घर में रहा और फिर अपने ससुराल को निकल गया। मेरे सारे रुपये ससुराल में ही खर्च हो गये। अब तो मेरे पास ट्रेन के टिकट तक का पैसा नहीं है। कृपया आप 25 रुपये मुझे दे दीजिए। मैं वहां पहुंचते ही आपके रुपये भेज दूंगा।

मन तो किया कि फौरन जवाब दे दूं, लेकिन ऐसा मैं कर नहीं पाया। मैंने पत्नी से पैसे मांगकर उमापती के हाथ पर रख दिए। इसके बाद वो चले गएं। एक हफ्ते के बाद फिर उमापति जी ने पत्र भेजा जिसमें लिखा था कि वो काम के सिलसिले में बाहर जा रहे हैं। वापस लौटकर रुपये भेजेंगे। पंद्रह दिनों के बाद मैंने एक पत्र लिखकर उनका हाल-चाल पूछा, लेकिन मेरे पत्र का कोई जवाब नहीं आया। मैंने पंद्रह दिनों के बाद फिर से पत्र लिखा और इस बार मैंने रुपयों के बारे में पूछा। इसका भी कोई जवाब नहीं आया।

एक महीने बाद मैंने फिर पत्र लिखा, लेकिन इस बार भी कोई जवाब न आया। मैं समझ गया था कि पत्नी ने जो भी कहा वो ही सच था। मैं निराश और चुप होकर बैठ गया। हालांकि, मैंने अपने इन पत्रों के बारे में अपनी पत्नी को कुछ नहीं बताया। उमापति के इस व्यवहार पर मुझ पर गहरा असर पड़ा। फिर इसी महीने मेरे यंत्रलय में बिहार-प्रांत से एक कंपोजीटर आया था। 15 रु. मासिक पर मैंने उसे काम पर रख लिया था। वो पहले किसी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ा करता था। किसी का सहयोग न मिल पाने की वजह से वो पढ़ाई छोड़ चुका था। उसके घरवालों ने उसकी मदद करने से मना कर दिया था। मजबूर होकर उसे यह नौकरी करनी पड़ी। उसकी उम्र वही कोई 17 से 18 साल रही होगी। उसका गंभीर स्वभाव था और उसके बातचीत करने का तरीका भी अच्छा था। यहां आने की तीसरे ही दिन उसे बुखार आ गया।

कुछ दिनों के बाद भी जब बुखार नहीं गया, तो उसे अपने घर की याद सताने लगी। उसने मुझसे कहा कि वह बीमार है। उसे कुछ रुपए मिल जाए तो वह घर चला जाएगा। फिर वह वहां पहुंचकर पैसों का इंतजाम करके मुझे भेज देगा। वह सच में बहुत बीमार था, लेकिन मैं पहले से ही पैसों के मामले में धोखा खाकर बैठा हुआ था। इसलिए मैंने उसे मना कर दिया। मेरी बातें सुनकर वो रोने लगा और मुझसे मदद की विनती करने लगा, लेकिन धोखे की चोट खाए बैठा मैं उसकी बातों को नजरअंदाज कर गया।

दुविधा भरी स्थिति में उसने फिर आकाश को देखा और वहां से चला गया। मुझे अंदर ही अंदर बुरा लगा, लेकिन जो मैंने निर्णय लिया था मैं उसी पर अड़ा रहा। मैंने मन में इस बात पर विचार करके संतोष कर लिया कि मैं कहां का ऐसा धनी हूं, जो पैसे बहाता रहूं। वो लड़का मेरे पास से आंखों में आंसू लेकर गया था तब कार्यालय के एक क्लर्क जिनका नाम पं. पृथ्वीनाथ था। उन्होंने उसकी मदद कर दी। उन्होंने उसकी पूरी कहानी सुनकर उसे 15 रुपये दे दिए थे। जब मुझे इसकी जानकारी हुई तो मानो मेरे मन से कोई बोझ उतर गया हो। चलो अब वो बेचारा अच्छे से घर तो पहुंच ही जाएगा। यह सोचकर ही मुझे मुफ्त में ही संतोष मिल गया, लेकिन कुछ अपने किए पर भी मुझे शर्म आई। मैं बड़े-बड़े उपदेश दिया करता था, लेकिन आज अपनी ही जुबान से मुकर गया। पांचवें दिन पैसे आ गए। मेरी आंखे खोल देने वाली यह यातना मुझे शायद ही कभी मिली थी। खैर इस बारे में मैंने अपनी पत्नी को कुछ नहीं बताया था, वरना मेरा घर में मुश्किल हो जाता। पूर्वकथिक वृत्तांत को लिखकर मैंने पत्रिका में भेजवा दिया। मेरा मक्शद बस इतना था कि मैं लोगों को धोखेबाजी के इस कुपरिणाम का संदेश दूं। मुझे सपने में भी उम्मीद नहीं थी कि इसका मुझे कोई सीधा फल मिलेगा। फिर चौथे दिन 5 रुपये का मनीऑर्डर मेरे पास पहुंचा। मैं उसे देखकर इतना खुश हुआ कि मेरी खुशी की कोई सीमा नहीं थीं।

मनीऑडर भेजने वाला कोई और नहीं, बल्कि वही महोदय थे उमापति। भेजे गए कूपन पर सिर्फ क्षमा शब्द लिखा था। मैंने वो पैसे ले जाकर अपनी पत्नी को दे दिए और वो कूपन दिखाया। पत्नी ने बड़े ही अनमने तरीके से मुझसे कहा कि इसे ले जाकर अपनी अलमारी में रख लो। तुम ऐसे लोभी किस्म के इंसान हो मुझे नहीं मालूम था। कुछ पैसों के लिए इस तरह किसी के पीछे पड़ जाना अच्छी बात नहीं है। जब पढ़ा लिखा और विनयशील इंसान अपने वादे को पूरा न करे, तो समझना चाहिए वो मजबूर है। विविश हुए इंसान को इस तरह बेइज्जत करना सही नहीं है। मैं इन पैसों को तब तक नहीं रखूंगी, जब तक कि उमापति जी का कोई संदेश या पत्र नहीं आ जाता, जिसमें उनके रुपए भेजने की देरी का कारण लिखा हो। हालांकि, उस वक्त मैं ऐसी महान बातें सुनने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं था। डूबे हुए रुपये मिल गए मैं उसी खुशी से फूले नहीं समा रहा था।

## संजय उवाच



# ढाई आखर

प्रेम अबूझ, प्रेम अपरिभाषित..., प्रेम अनुभूत, प्रेम अनभिव्यक्त..। प्रेम ऐसा मोहपाश जो बंधनों से मुक्त कर दे, प्रेम क्षितिज का ऐसा आभास जो धरती और आकाश को पाश में आबद्ध कर दे। प्रेम द्वैत का ऐसा डाहिया भाव कि किसीकी दृष्टि अपनी सृष्टि में देख न सके, प्रेम अद्वैत का ऐसा अनन्य भाव कि अपनी दृष्टि में हरेक की सृष्टि देखने लगे।

ब्रजपर्व पूर्ण हुआ। कर्तव्य और जीवन के उद्देश्य ने पुकारा। गोविंद द्वारिका चले। ब्रज छोड़कर जाते कान्हा को पुकारती सुधबुध भूली राधारानी ऐसी कृष्णमय हुई कि 'कान्हा, कान्हा' पुकारने के बजाय 'राधे, राधे' की टेर लगाने लगी। अद्वैत जब अनन्य हो जाता है राधा और कृष्ण, राधेकृष्ण हो जाते हैं। योगेश्वर स्वयं कहते हैं, नंदलाल और वृषभानुजा एक ही हैं। उनमें अंतर नहीं है। रासरचैया से रासेश्वरी राधिका ने पूछा, कान्हा, बताओ, मैं कहाँ-कहाँ हूँ? गोपाल ने कहा, राधे, तुम मेरे हृदय में हो। विराट रूपधारी के हृदय में होना अर्थात अखिल ब्रह्मांड में होना।..तुम मेरे प्राण में हो, तुम मेरे श्वास में हो। जगदीश के प्राण और श्वास में होना अर्थात पंचतत्व में होना, क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर में होना।..तुम मेरे सामर्थ्य में हो। स्रष्टा के सामर्थ्य में होना अर्थात मुरलीधर को गिरिधर करने की प्रेरणा होना। कृष्ण ने नश्वर अवतार लिया हो या सनातन ईश्वर होकर विराजें हों, राधारानी साथ रहीं सो कृष्ण की बात रही।

लघुत्तम से लेकर महत्तम चराचर में हो। राधे तुम यत्र, तत्र, सर्वत्र हो।

श्रीराधे ने इठलाकर पूछा, अच्छा अब बताओ, मैं कहाँ नहीं हूँ? योगेश्वर ने गंभीर स्वर में कहा, राधे, तुम मेरे भाग्य में नहीं हो।

प्रेम का भाग्य मिलन है या प्रेम का सौभाग्य बिछोह है? प्रेम की परिधि देह है या देहातीत होना प्रेम का व्यास है?

परिभाषित हो न हो, बूझा जाय या न जाय, प्रेम ऐसी भावना है जिसमें अनंत संभावना है।कर्तव्य ने कृष्ण को द्वारिकाधीश के रूप में आसीन किया तो प्रेम ने राधारानी को वृंदावन की पटरानी घोषित किया। ब्रज की हर धारा, राधा है। ब्रज की रज राधा है, ब्रज का कण-कण राधा है, तभी तो मीरा ने गुसाईं जी से पूछा था, ठाकुर जी के सिवा क्या ब्रज में कोई अन्य पुरुष भी है?

प्रेमरस के बिना जीवनघट रीता है। जिसके जीवन में प्रेम अंतर्भूत है, उसका जीवन अभिभूत है। विशेष बात यह कि अभिभूत करनेवाली यह अनुभूति न उपजाई न जा सकती है न खरीदी जा सकती है।

प्रेम न बाड़ी उपजै, प्रेम न हाट बिकाय
राजा परजा जेहि रूचै, सीस देइ ले जाय।

इस ढाई आखर को मापने के लिए वामन अवतार के तीन कदम भी कम पड़ जाएँ!

## बोध कथा

# व्यापारी का पतन और उदय

वर्धमान नामक शहर में एक कुशल व्यापारी रहा करता था। जब उस राज्य के राजा को उसकी कुशलता के बारे में पता चला, तो राजा ने उसे अपने राज्य का प्रशासक बना दिया। व्यापारी की कुशलता से आम व्यक्ति से लेकर राजा तक सभी बहुत प्रभावित थे। कुछ समय बाद व्यापारी की लड़की की शादी तय हुई। इस खुशी में व्यापारी ने बहुत बड़े भोज का आयोजन किया। इस भोज समारोह में उसने राजा से लेकर राज्य के सभी लोगों को आमंत्रित किया। इस समारोह में राजघराने में काम करने वाला एक सेवक भी आया, जो गलती से राज परिवार के सदस्यों के लिए रखी कुर्सी पर बैठ गया। उस सेवक को कुर्सी पर बैठा देख व्यापारी को बहुत गुस्सा आता है। गुस्से में व्यापारी उस सेवक का उपहास कर समारोह से भगा देता है। इससे सेवक को शर्मिंदगी महसूस होती है और वह व्यापारी को सबक सिखाने की ठान लेता है।

कुछ दिन बाद जब वह राजा के कमरे की सफाई कर रहा होता है, तो उस समय राजा कच्ची नींद में होता है। सेवक मौके का फायदा उठाकर बड़बड़ाना शुरू कर देता है। सेवक बोलता है, व्यापारी की इतनी हिम्मत, जो रानी के साथ दुर्व्यवहार करें। यह सुनकर राजा नींद से उठ जाता है और सेवक को कहता है, क्या तुमने कभी व्यापारी को रानी के साथ दुर्व्यवहार करते हुए देखा है। सेवक तुरंत राजा के पैरों में गिरकर उनसे माफी मांगने लगता है और कहता है, मैं रात में सो नहीं पाया, इसलिए मैं कुछ भी बड़बड़ा रहा हूं। सेवक की बात सुनकर राजा सेवक को कुछ नहीं बोलता, लेकिन उसके मन में व्यापारी के लिए शक पैदा हो जाता है।

इसके बाद राजा ने व्यापारी के राज महल में प्रवेश पर पाबंदी लगाकर उसके अधिकार को कम कर दिया। अगले दिन व्यापारी किसी काम से राज महल में आता है, तो उन्हें पहरेदार दरवाजे पर ही रोक देते हैं। पहरेदार का यह व्यवहार देखकर व्यापारी को आश्चर्य होता है। वहीं, पास में खड़ा राजा का सेवक जोर-जोर से हंसने लगता है और पहरेदार से कहता है, तुम्हें पता नहीं, तुमने किसे रोका है। यह बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं, जो तुम्हें यहां से बाहर निकलवा सकते हैं। इन्होंने मुझे अपने भोज समारोह से निकलवा दिया था। सेवक की उन बातों को सुनकर व्यापारी को सब समझ में आ जाता है और वह उस सेवक से माफी मांगता है। साथ ही वह उस सेवक को अपने घर दावत के लिए आमंत्रित करता है। व्यापारी ने सेवक को बड़े विनम्र भाव से भोज कराया और कहा कि उस दिन जो भी किया वह गलत था। व्यापारी से सम्मान पाकर सेवक खुश होता है और कहता है, आप परेशान न हो राजा से खोया हुआ सम्मान आपको जल्दी वापस दिलाऊंगा।

उसके अगले दिन राजा जब कच्ची नींद में होता है, तो सेवक कमरे की सफाई करते हुए फिर से बड़बड़ाने लगता है और कहता है, हे भगवान हमारे राजा इतने भूखे होते हैं कि गुसलखाने में स्नान करते हुए खीर खाते रहते हैं। इस बात को सुनकर राजा नींद से उठकर सेवक से क्रोध में कहते हैं, मूर्ख सेवक तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुम मेरे बारे में ऐसी बात करो। राजा के क्रोध को देखकर सेवक पैर में गिरकर माफी मांगता है और कहता है, महाराज, रात को मैं ठीक तरह से सो नहीं पाया, इसलिए कुछ भी बड़बड़ा रहा हूं। फिर राजा सोचने लगता है, अगर यह सेवक मेरे बारे में ऐसा बोल सकता है, तो उस व्यापारी के बारे में भी झूठ ही बोल रहा होगा। अगले ही दिन राजा ने व्यापारी को महल में बुलाया और उन्हें उनसे छीने हुए सभी अधिकार वापस दे दिए।



## वीर गाथा

# विंग कमांडर अमरजीत सिंह संधू: पाकिस्तानी विमान को खूब छकाया, हजारों फीट की ऊंचाई पर मार गिराया

विंग कमांडर अमरजीत सिंह संधू का जन्म 23 जनवरी, 1933 को पंजाब के लायलपुर में हुआ था। भारत विभाजन के बाद उनका परिवार हरियाणा के सिरसा आकर बस गया था। अमरजीत को मई 1954 में भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच में लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन मिला था। जल्द ही, उन्हें फ्लाइंग ऑफिसर बना दिया गया। जब वर्ष 1965 का युद्ध छिड़ा तो अमरजीत ने बतौर स्क्वाड्रन लीडर उसमें सक्रिय भूमिका निभाई थी। उन्हें 3 सितंबर को पाकिस्तानी वायुसेना के विमानों पर घातक हमला करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उस हमले में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया था।

जब अमरजीत अपना फॉलैंड नैट विमान लेकर उड़ान भरते तो पाकिस्तानी इलाकों पर खौफ छा जाता था। उन्होंने 18 सितंबर को एक पाकिस्तानी सेबर विमान को मार गिराया था। उस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए चार नैट विमानों ने लाहौर के दक्षिण की ओर उड़ान भरी थी।

अमृतसर के कंट्रोल रूम ने टीम को सेबर विमानों से सावधान कर दिया था। कुछ समय बाद छह सेबर विमान साफ दिखाई दिए। अमरजीत ने उनमें से अग्रणी विमान को ललकारा और उसके नजदीक गए। अब तो दोनों के बीच हवाई मुकाबला शुरू हो गया था।

पता चला कि पाकिस्तानी सेबर विमान को कोई अनुभवी पायलट उड़ा रहा था। अमरजीत ने उसे बहुत छकाया। आखिरकार सेबर पायलट ने 3,000 फीट की ऊंचाई पर आकर हमला करने का फैसला लिया। उसने सेबर को उसकी पीठ पर आधा घुमाया और सीधा गोता लगा दिया।

अमरजीत जानते थे कि ऐसी परिस्थिति में नैट को 4,000 फीट ऊंचाई की जरूरत होगी, लेकिन दुश्मन नीचे जाकर गंभीर खतरा पैदा करना चाहता था। उसी समय अमरजीत ने दुश्मन को जोरदार झटका दिया। उन्होंने तोप से निशाना साधा और सेबर को मार गिराया। जोरदार धमाके के साथ पाकिस्तानी विमान धरती पर आ गिरा। इसके लिए अमरजीत को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया। विंग कमांडर अमरजीत 24 सितंबर, 1971 को पठानकोट एयरबेस से नैट विमान उड़ा रहे थे। वे उसी दौरान एक हादसे में वीरगति को प्राप्त हो गए।



न्यूज़ अपडेट

## अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सपरिवार देवघर पहुंचे

**देवघर।** अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वी एस निरंजन सपरिवार देवघर पहुंचे



सर्वप्रथम झारखंड कुरमी महासभा देवघर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उनका स्वागत जसीडीह स्टेशन पर किया इसके बाद उनको सर्किट हाउस देवघर में विश्राम के लिए लेकर आए फिर सवेरे सवेरे बाबा बैजनाथ का पूजा अर्चना कर समाज की लोगों से मिलकर बैठक कर जिला इकाई का कार्यकलापो को ओर जोरदार तरीके से जारी रखने के लिए अपने तरफ से मार्गदर्शन दिए ।

माननीय अध्यक्ष के साथ सीएल गंगवार साहब भी मौजूद थे ।

## मोबाइल चोरी का आरोप में एक महिला समेत तीन के साथ मारपीट



**मधुपुर ।** थाना क्षेत्र के पसिया गांव मों मोबाइल चोरी के आरोप में एक महिला समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी । घटना को लेकर उत्तम कुमार दास ने भैयाद की तीन महिला समेत छह व्यक्तियों पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए मारपीट कर जख्मी करने की शिकायत पुलिस से की है। उत्तम कुमार दास ने पुलिस को आवेदन देकर कहा है कि उसके भैयाद प्रमोद दास का मोबाइल चोरी हो गया था । इसको लेकर आपस में पंचायत हुई । मगर पंचायत में लोगों नहीं माना । उलटे मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दिया । उन्होंने प्रमोद दास रंजीत दास खुशबू देवी सुमनी, कमली देवी समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गाली- गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट कर जख्मी देने का आरोप लगाया है ।जख्मी का इलाज स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## डॉ. सुभाष राय एवं अनिल झा होंगे 'विद्या वाचस्पति डॉ. रवींद्र चन्द्र भौमिक स्मृति सम्मान' से अलंकृत



**देवघर।** पश्चिम बंगाल स्थित आर.सी. भौमिक मेमोरियल ट्रस्ट एवं स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के युग्म बैनर तले आगामी 23 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देवघर पुस्तक मेला के संयोजक सह विश्व भारती, शांति निकेतन के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चन्द्र राय एवं अपने शहर के, तुलसी बाबा फिर से आओ के रचनाकार अनिल कुमार झा को 'विद्या वाचस्पति डॉ. रवींद्र चन्द्र भौमिक स्मृति सम्मान' से अलंकृत एवं विभूषित करने का निर्णय लिया गया है। यह सम्मान समारोह दीनबन्धु उच्च विद्यालय स्थित रवींद्र सभागार में आयोजित होने वाला है। इस आशय की जानकारी आर.सी. भौमिक मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव रत्ना भौमिक, संस्थापक न्यासी राजर्षि भौमिक एवं विवेकानंद संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने दी। ज्ञात हो लेखक डॉ. रवींद्र भौमिक, विद्या वाचस्पति, विद्या सागर, भारत गौरव सह कई पुरस्कारों से नवाजे गए थे। सामाजिक क्रियाकलापों में उनकी अहम् भूमिका थी।

## पुलवामा के आतंकी हमले में शहीदों को किया गया नमन।



**जामताड़ा।** बाबा कुदरा साहेब कमेटी मदनाडीह(जामताड़ा) की और से 14 फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद होने वाले मां भारती के वीर सपूतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान कैंडल जलाकर मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। कहा कि आतंकवादियों से लड़ते हुए हमारे भारत के 40 वीर जवान शहीद हुए थे। जो इस देश के लिए काफी ही काला दिन रहा। ऐसे वीर जवानों के शहादत से ही हम अपने घर में चैन से सोते हैं। सदस्यों ने बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया ।इस इस कार्यक्रम में कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे ।कमेटी के सदस्य मुकेश, राजीव, प्रसेनजीत, अजय, सागर, टिंकर, बहादुर, बिस्वजीत, गौरहरी, कंचन, आदि अन्य शामिल रहे।

## मधुपुर अनुमंडल कार्यालय में रेडक्रॉस सोसाइट के कार्यकारणी सदस्यों की हुई बैठक



**मधुपुर।** अनुमण्डल कार्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक एसडीओ सह सोसाइटी के पदेन अध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई ।इस दौरान 19 दिसम्बर 2024 के बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि किया गया ।मौके पर सोसायटी के सचिव महेंद्र घोष ने कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय करते हुए सोसाईटी के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया ।इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने विचार रखा ।मौके पर रुड्ढ राजीव कुमार ने बताया कि सोसाइटी की अगली बैठक कार्यकारिणी और सक्रिय सदस्यों के साथ 20 फरवरी आयोजित की जाएगी ।जहां एजीएम की बैठक का तिथि निर्धारित करते हुए चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। मौके पर सोसाइटी के उपाध्यक्ष हेमन्त नारायण सिंह,कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूर्व नप अध्यक्ष ×फैयाज़ केशर,पूर्व प्रमुख सुबल प्रसाद सिंह, अस्तानन्द झा,मो मुमताज,अरविंद कुमार, राजेश कुमार,कन्हैयालाल कन्नू,मो शाहिद उर्फ फेकू,अजित आनंद,प्रिंस समद,राम झा,गौरव जयसवाल आदि मौजूद थे।

# मंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की की गहन समीक्षा, दिया आवश्यक निर्देश

**दुमका।**

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने दुमका परिसदन में दुमका एवं जामताड़ा जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की ।बैठक में संबंधित जिलों में संचालित पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली।



उन्होंने पदाधिकारियों से योजनाओं के वर्तमान कार्यों, उनकी प्रगति में आ रही चुनौतियों एवं समाधान के उपायों पर चर्चा की। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाये। स्वच्छता मिशन के तहत बनाये गये शौचालयों के स्थिति की नियमित जांच की जाये और जो भी कमियां हैं, उन्हें शीघ्र सुधार किया जाये।

बैठक में कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति परियोजनाओं के कार्यों में धीमी प्रगति हो रही है, जिसको लेकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पदाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियानों को और प्रभावी बनाया जाये। साथ ही हैंड पंप एवं पाइप लाइन जलापूर्ति योजनाओं के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दुमका एवं जामताड़ा जिले के कार्यपालक पदाधिकारियों से जिला पूर्ति योजना की रिपोर्ट मांगी और जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

उत्पाद विभाग की समीक्षा में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि शराब की बिक्री में कमी और नकली शराब व ओवररेटिंग की शिकायतें मिली हैं। उस पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में शराब बिक्री व्यवस्था पारदर्शी बनाने का प्रयास हो रहा है। शराब की दुकानों को स्थानीय लोगों द्वारा संचालित करने का मॉडल तैयार किया गया है।

## क्लब ग्राउंड के पास चोरी,छिनतई के मामले को लेकर जांच करने गए पुलिस जवान पर हमला, हथियार छिनने की भी कोशिश

**देवघर।**

देवघर के नगर थाना क्षेत्र स्थित क्लब ग्राउंड के पास चोरी,छिनतई के मामले की जांच कर रहे पुलिस जवान से हथियार छिनने के दौरान उसके साथ मारपीट हो गई है। जिससे पुलिस जवान घायल हो गया है। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है जहांऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक इलाज कर छुट्टी दे दी गई है। घटना के संबंध में घायल पुलिस ने बताया कि वह क्लब ग्राउंड के पास चोरी,छिनतई के मामले को लेकर जांच



करने गए थे। जाँच से पूर्व वहां पर किसी बात को लेकर दो व्यक्तियों के बीच झगड़ा हो रहा था। इस झगड़ा को समझाने बुझाने का प्रयास पुलिस जवान द्वारा किया जा रहा था। इसी क्रम में वहाँ मौजूद मिथलेश तुरी पुलिस जवान को जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से वार कर दिया और हथियार छिनने की कोशिश करने लगा। घायल जवान मिथिलेश तुरी को धक्का देकर दूर किया फिर अपने सहकर्मियों को फोन कर बुला लिया। पुलिसकर्मियों को आता देख मिथिलेश तुरी वहां से फरार हो गया है। पुलिसकर्मियों द्वारा घायल पुलिस को सदर अस्पताल ले जाया गया। वहीं घटना की जानकारी नगर थाना के प्रभारी को दे दी गई है। पुलिस इस घटना को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मिथिलेश तुरी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

## अनियंत्रित होकर गिट्टी लदा ट्रेलर पोडरा दङाग के पास पलट गया

महेशपुर प्रखंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहारग्राम से महेशपुर पथ पर पोडरा के पास गिटी लदा टेलर हायबा अनियंत्रित होकर पलटी मार दिया वही दुर्घटना में चालक और उप चालक दोनों घायल हो गए ग्रामीणों की मदद से चालकों और उपचालक को दोनों को स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में भर्ती कराया गया और दोनों का उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया फिलहाल महेशपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर हायबा को जप्त कर देख रेख के लिए चौकीदार की पहरदारी लगा दी गई है



## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**पाकुड़।** हत्या कर साक्ष्य छूपाने के आरोप में वारंटी को हिरणपुर पुलिस ने रामाकूड़ा से विशेष अभियान के तहत छापेमारी कर गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार हिरणपुर थाना कांड संख्या 25/2000 में रामाकूड़ा निवासी आरोपी अली हुसैन के विरुद्ध हत्या कर साक्ष्य छुपाने का मामला दर्ज है। इसपर न्यायालय द्वारा विगत दिसंबर माह में वारंटी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया है। इसपर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसबल के सहयोग से वारंटी को गिरफ्तार किया गया। इस बावत थाना प्रभारी ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय उपस्थापन को भेजा गया।

## जामताड़ा पुलिस ने साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार, फर्जी सिम कार्ड और मोबाइल बरामद

**संवाददाता/जामताड़ा।**

जामताड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस निरीक्षक जयंत तिर्की के नेतृत्व में अवर निरीक्षक मनीष कुमार गुप्ता, प्रकाश सेठ सहायक अवर निरीक्षक स्टेनली हेंब्रम और अन्य पुलिस कर्मियों की टीम ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के साउलापुर, उदयपुर के पास स्थित तालाब के नजदीक साइबर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की। इस छापेमारी में एक साइबर



अपराधी चंद्रदेव मंडल को फर्जी सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया।

साइबर थाना के डीएसपी चंद्रशेखर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ साइबर अपराध थाना कांड संख्या 12/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि यह आरोपी लोगों को आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर उनके मोबाइल में एपीके फाइल भेजता था। फाइल डाउनलोड कराकर वह क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त करता था। यह अपराधी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार में सक्रिय था। पुलिस की यह कार्रवाई साइबर अपराधों को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आने वाले समय में और भी अपराधियों को पकड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी ने लिया मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, ग्रामीणों को दिए आवश्यक निर्देश

**गोड्डा।** मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं मोतिया ओपी प्रभारी महावीर पंडित ने ओपी क्षेत्र के बक्सरा, मोतिया, सिकटिया समेत कई गांवों के मंदिरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंदिरों की सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और उपस्थित ग्रामीणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मंदिर में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए जाएं और शराबियों, नशेड़ियों जैसे असामाजिक तत्वों को मंदिर में प्रवेश न करने दिया जाए। उन्होंने मंदिर की दानपेटी और गेट में मजबूत ताले लगाने, मंदिर समितियों से वॉलिंटियर की व्यवस्था करने, और किसी भी घटना की सूचना समय रहते पुलिस को देने की बात कही।

थाना प्रभारी महावीर पंडित ने भी मंदिर की सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में रात के समय सुरक्षा के लिए किसी व्यक्ति को तैनात किया जाए और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर इसकी सूचना तत्काल थाना को दी जाए।

इस दौरान पूर्व मुखिया हेमन्त कुमार, पूर्व उपमुखिया मनेष यादव, दीपक मंडल, सत्यम कुमार, ओम कुमार मंडल, कृष्णा कुमार, अवदेश ठाकुर, दिनेश यादव, राहुल मंडल, मनीष यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## सात दिवसीय लोककला उत्सव : लोकरंग का समापन

# कला व शिल्प का संरक्षण व संवर्द्धन तभी संभव है जब शिल्पकारों के मार्केटिंग का उचित प्रबंध हो- डायरेक्टर आईटीडीए

**दुमका।**

कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से जनमत शोध संस्थान दुमका द्वारा पिछले सात दिनों से चल रहे सात दिवसीय संताल लोककला उत्सव लोकरंग का शनिवार को समापन समारोह आयोजित किया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवि जैन डायरेक्टर आईटीडीए दुमका ने कहा कि कला और शिल्प के संरक्षण और संवर्द्धन तभी संभव है जब शिल्पकारों के मार्केटिंग का उचित प्रबंध हो। जनमत का प्रयास सराहनीय है कलाकारों हस्तशिल्पियों के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

इस सात दिवसीय संताल लोककला उत्सव के आयोजन के पीछे संस्थान के उद्देश्य और उससे संबंधित कार्यक्रम की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जनमत शोध संस्थान के



सचिव अशोक सिंह ने कहा आर्ट एंड क्राफ्ट के संरक्षण संवर्धन और प्रबंधन पर आधारित यह सात दिवसीय लोक उत्सव जहां एक ओर प्रशिक्षण के द्वारा वरिष्ठ पीढ़ी के कलाकारों शिल्पकारों के माध्यम से नई पीढ़ी के कलाकारों को प्रशिक्षित करना रहा, वहीं विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रति लोगों विशेषकर युवाओं को जागरूक करना रहा। ताकि लोककलाओं के संरक्षण के उनको सजग और संवेदनशील बनाया जा सके।

तूफान कुमार पोद्दार जिला खेल पदाधिकारी सह सहायता निदेशक कला संस्कृति दुमका के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह में उपस्थित कई अन्य सम्मानित अतिथियों जिला कृषि पदाधिकारी चुण्डा सोरेन सिपाही, मंत्री मुर्मू, जिला कला संस्कृति संघ के अध्यक्ष शिशिर कुमार घोष, पत्रकार राजकुमार उपाध्याय, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के डॉ मनोज कुमार घोष आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

जनमत की चीफ प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रभा सोरेन के संयोजन में आयोजित यह कार्यक्रम प्रतिदिन तीन सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन पर केंद्रित रहा। जिसमें विभिन्न लोककलाओं विशेषकर आदिवासी कठपुतली लोककला चादर बादोनी, जादोपटिया पेंटिंग, पेपरमेंसी क्राफ्ट, मुखौटा निर्माण कला, चित्रकला एवं मुर्तिकला आदि कलाओं से जुड़े कलाकारों ने नई पीढ़ी के कलाकारों हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण दिया।

दूसरे सत्र में कला संवाद के तहत प्रतिदिन अलग अलग विषयों परिचर्चा आयोजित की गई जो लोककला, लोक साहित्य और हस्तशिल्प पर केंद्रित रहा। इसके तहत विभिन्न विद्वानों और संबंधित क्षेत्र के कला विशेषज्ञों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये जो नई पीढ़ी के प्रेरणादायी रहा।

इस अवसर विभिन्न विषयों पर शोध अध्ययन से संबंधित रिपोर्ट एवं आदिवासी जीवन संस्कृति से संबंधित पुस्तक एवं फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जो दर्शकों के बीच आकर्षक का केंद्र रहा।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रतिदिन विभिन्न कला दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत पारंपरिक संताली लोकगीत संगीत नृत्य, बांसुरी वादन, क्षेत्रीय भाषाओं लोकगीतों पर झूमर झूमटा, पपेट शो और चादर बादोनी कठपुतली लोककला से संबंधित नृत्य संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां एक ओर जनमत शोध संस्थान के महेन्द्र साहनी, सुशील कुमार मंडल, कार्यक्रम की मुख्य संयोजक प्रभा सोरेन, एसिस्टेंट कॉर्डिनेटर शंभू सेन, राज सिंह, संतोष भंडारी के साथ साथ कला प्रशिक्षक बाबूधन मुर्मू, बोड़ो मुर्मू, सोमनाथ राय, सुनील शर्मा, शिखा आनंद, शबाना परवीन और जनमत से जुड़े कार्यकर्ता पुलिश सोरेन, कुंदन कुमार साह आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# कृषि अनुसंधान केंद्र में प्रमंडलीय स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यशाला का आयोजन

- 38लाख 87 सौ की परिसंपत्तियों की गई वितरित
- मैं कृषि के क्षेत्र में एक नई सोच और एक नई ऊर्जा लाना चाहती हूं, इसलिए मैं किसानों के बीच जा रही हूं: मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की
- नवाचार का युग है, नई विधि से खेती अपनाई जा रही है, झारखंड के किसान इस तकनीकी को अपनाएं और आत्मनिर्भर बने: विधायक





**प्रतिनिधि बरही।**

बरही प्रखंड के गौरियाकरमा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा प्रमंडलीय स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उत्तरी छोटा नागपुर अंतर्गत हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, रामगढ़ के किसान महिला पुरुष भारी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बरही विधायक मनोज यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, डीडीसी इश्तियाक अहमद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। इस मौके पर अतिथियों को सॉल ओढ़कर एवं पौधे और मेमोंटो मंच देकर स्वागत किया गया। संचालन संस्कृति कर्मी मनोज सिंहा ने किया। कृषि मेला में कृषि संबंधित जिला क्षेत्र से कुल 38 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए थे। मौके पर कृषि मंत्री नेहा तिर्की ने किसानों को कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में मार्गदर्शन और उद्देश्य को बदलाते हुए कहा कि हमारे किसान जानकारी का अभाव कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। आज यहां विभिन्न स्टॉल लगाएं गाएं, जिससे किसान नई तकनीक को सिख सकते हैं। अब समय बदल चुका है, पारंपरिक तरीके से खेती करें। यहां का किसान 90 प्रतिशत जमीन में सिर्फ धान उगा पाते हैं। दूसरे राज्य में कृषि के अलावा दूसरे फसल भी उगाई जा रहे हैं। मैं कृषि के क्षेत्र में एक नई सोच और एक नई ऊर्जा लाना चाहती हूं।इसलिए मैं किसानों के बीच जा रही हूं। सभी तरह के किसानों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जब मैं मांडर विधानसभा से विधायक बनी और झारखंड सरकार में सबसे कम उम्र की कृषि मंत्री बनी तो सबसे पहले डायरी दूध मैं किसानों को 5 रुपए प्रति लीटर बोनस देने का काम किया। वहीं उन्होंने कहा पर्यावरण बदल रहा है, स्थिति बदल रही है, 27 प्रतिशत बरसात का पानी कृषि के लिए किसान संग्रह कर पा रहे हैं, जिसका उपयोग खेती के लिए कर पा रहें हैं। बदलते हुए तरीकों को नहीं बदलेंगे तो हम गरीब किसान ही कहलाएंगे। हरियाणा, पंजाब के किसान वैज्ञानिक तकनीकी से खेती कर रहें हैं, जिससे वहां के किसान खुशहाल हैं। यहां के किसानो को खेती बाड़ी को व्यवसाय के रूप में देखना होगा। प्रशिक्षण लेकर कृषि संबंधित काम को करें तो निश्चित ही सफल हो सकते हैं। हमारे देश के 70 प्रतिशत आबादी आज भी खेती पर निर्भर है। इस आईसीएआर के आसपास गांव को गोद लेना चाहिए और उस गांव को परिपूर्ण करना ही उनका उद्देश्य होना चाहिए। वहीं बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नवाचार का युग है, नई विधि से खेती अपनाई जा रही है, झारखंड के किसान इस तकनीकी को अपनाएं और आत्मनिर्भर बने। वहीं उन्होंने बताया कि गौरियाकरमा का पशुपालन एशिया महादेश में प्रसिद्ध प्राप्त है, पशुपालन विभाग रेड सिंधी गौ पालन की जाती है। इस संदर्भ में कृषि मंत्री का ध्यान आकृष्ट भी कराया। वहीं उन्होंने कृषि मंत्री को भूरी भूरी प्रशंसा किया। उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि जिला स्तर पर किसानों को नई तकनीकी से कुशल बनाया जा रहा है, बरही क्षेत्र में सब्जी का उत्पादन अच्छा है, इसमें नई तकनीक लाकर बेहतर करें और जिला और राज्य को इस क्षेत्र में विकास दें। आईसीएआर के ओएसडी विशालनाथ पांडे ने कहा कि लगातार किसानों को नई तकनीकी के बारे में जानकारी दी जा रही है, पूर्वी भारत को कृषि के क्षेत्र में आगे लाने का कार्य करूंगा। मौके पर कृषि मंत्री के हाथों 142 लाभुकों के बीच 38 लाख 87 सौ की परिसंपत्तियों वितरित की गई। कार्यक्रम में एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, बीसीओ संजय यादव, बीटीएम राकेश सिंह, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुपा, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, सुनील साहू, अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रंजन ओम, विशेश्वर यादव, सभी कृषक मित्र, भीएलडब्लू के सदस्य, सहित आसपास के सभी कृषक व ग्रामीण मौजूद थे।

**परिसंपति वितरण:**

चार पहिया वाहन राजेश निषाद बरही, केज हाउस में खेलचंद महतो हेंब्रम लहरियाडीह विष्णुगढ़, केज बैटरी, तपेश्वर बसेरा दाडी, सामान्य नाव में नजमा खातून रसोइयाधमना बरही, राजू निषाद उजैना बरही, गिल नेट अकबर अंसारी ओबरा चौपारण, दो पहिया प्रियंका कुमारी बुंडू बरही।

## न्यूज़ अपडेट

### विधायक के आग्रह पर राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरीयकरमा पहुँची मंत्री



बरही विधायक मनोज यादव आग्रह पर मंत्री ने गौरियाकरमा स्थित राजकीय पशु प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। विधायक ने कहा कि एक जमाने मे एशिया का सबसे पशु फर्म था लेकिन आज अपने बदहाली का रोना रो रहा है। विधायक ने मंत्री से चारा विकास केंद्र, मजदूरी की संख्या और, मवेशियों की सुविधा बढ़ाने की मांग की जिसपर मंत्री ने जल्द मांगो को पूरा करने की बात कही।

### गौरियाकरमा कृषि अनुसंधान केंद्र के मेला सह प्रदर्शनी कार्यशाला में अव्यवस्था देखकर मंत्री हुए नाराज





गौरियाकरमा कृषि अनुसंधान केंद्र में परिसर में लगे मेला सह प्रदर्शनी कार्यशाला में व्यवस्था का घोर आभाव देखा गया। अतिथि मंच सही तरीके से नहीं बनाया गया। मंच पूरा ढीला व अव्यवस्थित था। मच पर बैठने का सोफा ठीक से नहीं बैठ रहे थे। इस पर कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की काफी नाराज दिखी। इस दौरान आईसीएआर के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुनः आदरणीय भाव से स्थिति को सुधार लिया गया। वहीं अतिथि में सिर्फ बरही विधायक को छोड़कर अन्य क्षेत्र के जन प्रतिनिधि कार्यक्रम में नहीं पहुंचे थे। कार्यक्रम में आसपास एवं दूर दूरस्थ से आए किसानों को खाना पीना की भी सही से व्यवस्था नहीं किया गया था। भोजन के लिए अफरा तफरी मची थी।

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का विधायक मनोज यादव ने किया स्वागत, कृषि क्षेत्र के मुद्दों पर की चर्चा



बरही के देवचंदा मोड़ पर झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का भव्य स्वागत किया गया। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मंत्री को बुके भेंट कर स्वागत किया और कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और कृषि से संबंधित आवश्यकताओं को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने सरकार से किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की अपील की। मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, अरुण चंद्रवंशी, राजकुमार केशरी, परमेश्वर यादव, रोहित यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शबरी जयंती मनाने को लेकर किया गया बैठक

- अध्यक्ष बने मन्नू भुइयां सचिव बलराज भुइयां



**श्रमबिंदु संवाददाता केरेडारी** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत कालेश्वरी बागी बड़काआम में शबरी जयंती मनाने को लेकर किया गया बैठक जिसकी अध्यक्षता बलराज भुइयां एवं संचालन हीरामन भुइयां ने किया इस बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 24 फरवरी को माता शबरी का जयंती धूमधाम बजे गजे के साथ कलशा यात्रा कालेश्वरी बागी से निकलेगी एवं केरेडारी के प्रसिद्ध डैम से जल लेकर पूरे गांव का भ्रमण करके वापस कालेश्वरी बागी माती शबरी के पास आकर पूजा पाठ कर एवं रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम रहेगा और इस तरह से साबरी जयंती मनाया जाएगा जिसमें सबरी जयंती के अध्यक्ष बने मनु भुइयां एवं सचिव बलराज भुइयां कोषाध्यक्ष कृष्णा भुइयां उप सचिव महावीर भुइयां बने इस बैठक में शामिल विकास कुमार धोनी कुमार नितेश कुमार रंजीत कुमार राहुल कुमार सचिन कुमार गंगवा देवी सावित्री देवी राधा देवी पासो देवी सुनीता देवी एवं भारी मात्रा में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे

### एक सौ पंद्रह साल के बुजुर्ग समाज सेवी की मौत से डाढा में शोक



**श्रमबिंदु इचाक।** इचाक के डाढा गांव के बुजुर्ग समाजसेवी देवी प्रजापति 115 साल की मौत गुरुवार रात में हो गया।समाज सेवी की मौत की खबर गांव में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई।लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढाढस बांधते हुए मृतक के आत्मा के शांति की कमान भगवान से किया।अग्नि संस्कार शनिवार दिन में डाढ़ा मुक्ति धाम पर किया गया।मुखाग्नि छोटे पुत्र युगेश्वर प्रजापति ने दी।मृतक के पत्नी अनती देवी की मौत 10 वर्ष जबकि बड़े पुत्र राम प्रसाद प्रजापति 17 वर्ष जबकि मंझला पुत्र नागेश्वर प्रजापति की मौत 13 वर्ष पूर्व हो चुका है।मृतक अपने परिवार में दो पुत्र सुरेश प्रजापति युगेश्वर प्रजापति पोता संजय प्रजापति,रंजय प्रजापति,महादेव प्रजापति,शंभू प्रजापति, बीटू,सुधीर,अजीत प्रजापति, दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।शव यात्रा में विशुन प्रजापति,महेश प्रजापति,बंगाली महतो, पुरन महतो दुलों महतो,महेश पाठक,अशोक मेहता,लक्ष्मण राणा,बालेश्वर महतो, कृष्णा मेहता,महावीर प्रजापति,छोटू प्रजापति,लोकनाथ मेहता,गणेश कुशवाहा,देवकी महतो,रघु महतो,दयानंद मेहता, छत्रू प्रजापति,चेतलाल प्रजापति,हीरालाल प्रजापति,बैगन प्रजापति,गानों प्रसाद मेहता,जितेंद्र पांडे,गणेश कुमार,लायन गोप समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए

### सिविल सोसाइटी ने पुलवामा में शहीदों एवं करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि दिया



**बड़कागांव।** बड़कागांव सिविल सोसाइटी के प्रखंड अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार 14 फरवरी को पुलवामा के शहीदों एवं शहीद करमजीत सिंह बक्शी को लेकर देर शाम कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि सह शोकसभा का आयोजन किया गया । श्रद्धांजलि देते मनोज गुप्ता ने कहा कि पुलवामा में शहीदों को भुलाया नहीं जा सकता है। आज हमें सेना के बदौलत हीं पूरे देश को सुरक्षा प्रदान हो रही है। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्य रूप से मनोज गुप्ता, अनिरुद्ध कुमार ,प्रोफेसर रामसेवक, सोनू इराकी ,मोहम्मद इब्राहिम ,पिंटू गुप्ता ,धनेश्वर कुमार सिंह, भूतपूर्व सीओ कैलाश प्रसाद ,लखेन्द्र ठाकुर, विपिन कुमार , के अलावा कई बच्चे उपस्थित थे।

## बड़कागांव में दाखिल नामांतरण शुद्धि पत्र वितरण सह लगान रसीद निर्गत शिविर का आयोजन

**बड़कागांव।**




झारखंड सरकार के निर्देशन एवं हजारीबाग जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिले के सभी अंचल में भूमि संबंधित मामले का निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में दाखिल नामांतरण शुद्धि पत्र वितरण सह लगान रसीद निर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 दिन से अधिक बिना आपत्ति के लंबित 36 मामलों का निष्पादन करते हुए कुल स्वीकृत 61 वादों की स्वीकृति दी गई। साथ ही 108 रुपया 20 पैसा का लगान वसूली की गई। शिविर को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकार के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व में जमा किए गए मामलों को निष्पादन करते हुए शुद्धि पत्र वितरण एवं लगान रसीद निर्गत की गई। साथ ही साथ कई आवेदन भी लिए गए हैं। जिसका निष्पादन समय अवधि के बाद की जाएगी। अंचलाधिकारी ने आगे कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बहुत अधिक विवादित मामले आते हैं जिसकी जांच पड़ताल करने की आवश्यकता है। सबसे अधिक विवादित मामले कंपनी के पोषक क्षेत्र से आ रहे हैं।इस परिस्थिति में सही मालिकों को लाभ दिलाने के लिए जांच पड़ताल करना अति आवश्यक है। यही कारण है कि मामलों को निष्पादन करने में थोड़ी विलंब भी होती है। शिविर में अंचल निरीक्षक नवल किशोर प्रसाद, राजस्व कर्मचारी प्रहलाद मांझी, जितेंद्र कुमार दास, मनीष पाठक, नंदकिशोर राम सहित अंचल के कर्मचारी एवं भू-रैयत उपस्थित थे।

## उद्घाटन का बाह जोट रहा उपस्वास्थ्य खरखरी



**बिरनी/गिरिडीह ।** बिरनी प्रखंड के खरखरी पंचायत में स्तिथ में स्वास्थ्य उपकेंद्र खरखरी का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक इसका उद्घाटन नहीं हुआ है। यह उपकेंद्र स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाया गया था, लेकिन इसके उद्घाटन में देरी होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण लगभग एक साल पहले शुरू हुआ था और इसके पूरा होने के बाद से ही लोग इसके उद्घाटन का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन आज तक इसका उद्घाटन नहीं हुआ है, जिससे लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के उद्घाटन में देरी होने से उन्हें अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए दूर-दूर जाना पड़ रहा है। उन्हें उम्मीद थी कि यह उपकेंद्र उनके लिए एक वरदान साबित होगा, लेकिन इसके उद्घाटन में देरी होने से वे निराश हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्घाटन के साथ साथ चिकित्सक सुविधा पूरी तरह से लैस तथा पूरी चिकित्सा व्यवस्था किया जाना चाहिए।

इस मामले में स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन जल्द से जल्द करना न केवल लोगों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है कि वह लोगों के स्वास्थ्य के लिए कितनी गंभीर है। रिपोर्ट राजेश कुमार

## सहायिका चयन पर ग्रामीणों ने उठाया सवाल!!

**श्रम बिंदु संवाददाता**



केरेडारी : केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मनातू पंचायत के लाजिदाग गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 06 में बीते 5 फरवरी को सहायिका चयन के लिए हुवे ग्रामसभा में ग्रामीणों समेत दावेदारों ने सवाल उठाया है! इस बाबत दावेदार सुनीता कुमारी समेत अन्य कई ग्रामीणों ने कहा कि 5 फरवरी को लाजिदाग आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 06 पर सहायिका चयन को लेकर ग्रामसभा रखी गई थी! ग्रामसभा में केरेडारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र के सुपर वाइजर सेविका मुखिया पंचायत समिति सदस्य समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे! सहायिका चयन के लिए सुनीता कुमारी पति अशोक भोक्ता बीरसी देवी समेत कुल चार महिलाएं दावेदार थी! जिनमें सुनीता देवी की शैक्षणिक योग्यता बीए वहीं बीरसी देवी की शैक्षणिक योग्यता इंटर मीडियट है! ग्रामसभा में उच्च योग्यता धारी सुनीता कुमारी को मात्र 18 प्वाइंट दिया गया जबकि बीरसी देवी का शैक्षणिक इंटर मीडियट है ऐसे में इंटर की योग्यता धारी बीरसी देवी को 22 प्वाइंट कैसे दे दिया गया! जबकि स्नातक उत्तीर्ण सुनीता कुमारी को मात्र 18 प्वाइंट हीं क्यों दिया गया! सहायिका चयन के तरीके पर हम सभी ग्रामीण जांच की मांग करते हुए पुनः ग्रामसभा रख कर सहायिका चयन की मांग करते हैं! हमारी मांग पूरी नहीं होने पर हमसभी ग्रामीण उपायुक्त हजारीबाग को घटना क्रम की लिखित जानकारी देंगे! वहीं मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी गंझू ने कहा कि सहायिका चयन में घोर अनियमितता बरता गया है! कम शिक्षित दावेदार को अधिक अंक कैसे मिल गया जबकि उच्च योग्यता की महिला को कम अंक क्यों दिया गया! जिसका हम सभी जांच की मांग करते हैं! वहीं उपरोक्त प्रकरण पर केरेडारी सीडीपीओ राखी चंद्रा से संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया!

## कन्हैया लाल पांडे के निधन पर पतंजलि योग परिवार ने शोक सभा का आयोजन किया



**बड़का गांव ।** बड़कागांव प्रखंड के बादम निवासी पतंजलि परिवार के प्रखंड संयोजक कन्हैया लाल पांडे का कुंभ स्नान के बाद घर लौटने के दौरान बीते शुक्रवार को ट्रेन हादसा में निधन हो गई जिसे लेकर बड़कागांव पतंजलि योग परिवार के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। दिवगंत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया। मौके पर उपस्थित पतंजलि के प्रखंड प्रभारी संतोष ठाकुर ने कहा कि इनकी आकस्मिक निधन से प्रखंड पतंजलि योग परिवार शोकाकुल है। बता दें कि कन्हैया लाल पांडे बड़कागांव प्रखंड के कई स्कूल एवं संस्थानों में निशुल्क योग की शिक्षा देते थें। वे सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते थें। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पतंजलि के प्रखंड प्रभारी संतोष ठाकुर, योग प्रशिक्षक इंग्लेश सोनी, पिंटू गुप्ता, रविन्द्र लाल, पप्पू सिंह, दामोदर प्रसाद मेहता, भोला प्रसाद दांगी, हुलास प्रसाद दांगी, कुलेश्वर कुमार, कुंदन भारती, दीपक पांडे, सुनीता कुमारी, भारती कुमारी, कजरू साव, मुकेश कुमार, महावीर गुप्ता, विष्णु गुप्ता, बजरंगी सोनी, लल्लू ठाकुर, शेखर ठाकुर, हिमांशु ठाकुर, सौरभ ठाकुर, लक्ष्मी ओझा, गिन्नी वर्मा, अशोक यादव, सुरेश रजक,महेंद्र विश्वकर्मा,दिनेश कुमार, रमनेश मिश्रा के अलावा सैकड़ो लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटना में घायल रामु महतो का एच. जेड. बी. फोर्ड अस्पताल में सफल ऑपरेशन

**हजारीबाग संवाददाता नेमतुल्ला**




**हजारीबाग ।** हजारीबाग के छड़वा डेम स्थित एच. जेड. बी. फोर्ड अस्पताल में डॉक्टरों ने एक और बड़ी चिकित्सा सफलता हासिल की। 28 वर्षीय रामु महतो, जो कुछ दिन पहले एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, अब खतरे से बाहर हैं। रामु महतो को सिर पर गहरी चोट लगने के बाद पहले चतरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रैफर कर दिया गया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें हजारीबाग के एच. जेड. बी. फोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉ. अमित और डॉ. सुप्रभात नर्सिंग स्टाफ की देखरेख में उनका सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की मेहनत रंग लाई, और अब रामु महतो की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। वह पूरी तरह होश में हैं और बात भी कर रहे हैं। रामु महतो के पिता जितु महतो ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों का आभार जताते हुए कहा, ₹फोर्ड अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की वजह से मेरा बेटा बच गया। उन्होंने बहुत अच्छा इलाज किया। अब वह पहले से बेहतर महसूस कर रहा है। स्वस्थ होते रामु महतो ने भी खुशी जताते हुए कहा, ₹अब मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अस्पताल प्रशासन का शुक्रगुजार हूं। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने भी फोर्ड अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और इसे हजारीबाग में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का उदाहरण बताया।

## छबेलवा वन महोत्सव में जुटे सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी

**श्रमबिंदु इचाक ।**

### पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प









इचाकः जन, जंगल एवं जल बचाव समिति के तत्वावधान में प्रखंड के मोक्तमा स्थित छबेलवा वन में शनिवार को छबेलवा वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पहुंचे सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ पौधों में रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ बचाने, पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने और अपने जीवन में कम से कम 5 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बद्री प्रसाद मेहता और संचालन संरक्षक महेश कुमार मेहता ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता ने आयोजन कमेटी की सराहना करते हुए कहा पेड़ धरती पर जीवन का मूल कारण है। पेड़ हरा भरा होगा तो जीवन खुशहाल होगा। उन्होंने लोगों से पेड़ लगाने और उसके संरक्षण का अपील किया। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता कहा मानव स्वार्थ के कारण लगातार वन उजड़ रहे हैं जिसका परिणाम हमे भुगतना पड़ रहा है। अगर पेड़ पौधों नही होंगे तो धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर डीएमएफटी फंड से एक प्रशिक्षण भवन देने की बात कही। वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता वन विभाग के उदासीन रवैए पर नाराजगी जताई। भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हर क्षेत्र में होनी चाहिए ताकि हमारी आनेवाली पीढ़ी को तकलीफ न हो। पर्यावरणविद खेमलाल महतो ने कहा पेड़ पौधे प्रकृति का अनुपम उपहार है। हमे इसे इसी तरह हराभरा रखना है। समाज सेवी दिनेश खंडेलवाल ने कहा ऑक्सीजन जीवन के लिए अनिवार्य है जो पेड़ पौधों से ही हमे मिलती है। पत्रकार मुरारी सिंह ने कहा कि सरकार टाइगर बचाने के लिए पूरे देश में मुहिम चला रही है लेकिन टाइगर नहीं बढ़ रहे। वहीं समुदाय विशेष द्वारा चलाए जा रहे मुहिम से ही जंगल और वन्य जीव संरक्षित हो रहे हैं। समिति के मुख्य संरक्षक जीतेश्वर मेहता ने लोगों से अपील किया कि पर्यावरण संरक्षण का मुहिम हर क्षेत्र में चलाएं ताकि वन क्षेत्र का विस्तार हो। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, समाज सेवी नागेश्वर मेहता, पूर्व उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, मुखिया नंदकिशोर मेहता, मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा, सुजीत कुमार मेहता, बीरेंद्र भगत, मूलचंद ठाकुर, शत्रुघ्न राम, मौलाना मुख्तार, प्रो. ब्रजकिशोर मेहता, जदयू नेता अर्जुन मेहता, रूपेश कुमार, रेणु देवी, पूर्व सैनिक अजीत कुमार सिंह समेत कई पर्यावरण प्रेमियों ने पर्यावरण संरक्षण पर अपनी बात रखी। मौके पर गोविंदा डांस ग्रुप, एंजल पैराडाइज स्कूल समेत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने पर्यावरण पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सचिव रितन मेहता, कोषाध्यक्ष शिव कुमार मेहता, हृदयांशु कुमार, मीडिया प्रभारी रामावतार स्वर्णकार, रंजीत कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कौशल मेहता, सुबोध कुमार दास, मुकेश राणा, लक्ष्मण किशोर मेहता की भूमिका अहम रही। कार्यक्रम में आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील प्लांट में एचसीएम प्रणाली हुआ गो लाइव

## पूर्ण अनुपालन करने वाला पहला सार्वजनिक उपक्रम बना बीएसएल

**बोकारो -**



बोकारो स्टील प्लांट में 'मन कैपिटल मैनेजमेंट (HCM) प्रणाली का गो लाइव किया गया और इसके साथ ही बी एस एल ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते डी पी डी पी अधिनियम का पूर्ण अनुपालन करने वाला देश का पहला सार्वजनिक उपक्रम बनने का गौरव भी प्राप्त किया. यह उपलब्धि बीएसएल की डिजिटल परिवर्तन यात्रा और आधुनिक कार्यबल प्रबंधन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।बीएसएल द्वारा लागू की गई प्रखर नामक फ्यूशन आधारित HCM प्रणाली का दूसरा चरण लफ प्रक्रियाओं को स्वचालित करने, पारदर्शिता बढ़ाने और कर्मचारी अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है. उल्लेखनीय है कि यह परियोजना अपने निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है.

HCM प्रणाली के दूसरे चरण के गो लाइव कार्यक्रम का आयोजन एच आर (एल एंड डी) के मुख्य सभागार में 15 फरवरी को किया गया. इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. उनके साथ अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगनी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी. आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. इसके अलावा, परियोजना कार्यान्वयन भागीदार मैसर्स डेलॉइट के अधिशासी निदेशक मोहित फौगाट, परियोजना प्रबंधक अंकुर अग्रवाल तथा मैसर्स ओरेकल के निदेशक विपुल लहरी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम की शुरुआत में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया और HCM प्रणाली की विशेषताओं और इसके क्रियान्वयन की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला. उन्होंने जानकारी दी कि यह प्रणाली मार्च 2025 से बीएसएल के माइंस, सीसीएसओ एवं कोलियरी में भी लागू कर दी जाएगी. मुख्य अतिथि बीरेंद्र कुमार तिवारी ने लडट प्रणाली में लॉगिन कर गो लाइव की औपचारिक घोषणा की. अपने संबोधन में उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए एच आर विभाग, वित्त एवं लेखा, सी एंड आई टी सहित समस्त टीम को बधाई दी तथा परियोजना कार्यान्वयन पार्टनर , मैसर्स डेलॉइट और मैसर्स ओरेकल की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एच प्रक्रियाओं को सुलभ और पारदर्शी बनाएगी तथा प्रबंधन और उपयोगकर्ताओं दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगी.

इस अवसर पर परियोजना कार्यान्वयन पार्टनर , मैसर्स डेलॉइट द्वारा HCM प्रणाली के क्रियान्वयन और उपयोगकर्ता इंटरफेस पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई. साथ ही, एक विशेष डेमो एवं प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की गई. सहायक महाप्रबंधक (एचआर) राहुल त्रिपाठी ने HCM प्रणाली के रोल आउट पर विस्तृत जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि लडट प्रणाली के पहले चरण का शुभारंभ 20 दिसंबर 2024 को सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश द्वारा वर्चुअली किया गया था. इस अवसर पर सेल के निदेशक (कार्मिक) के.के. सिंह भी उपस्थित थे.कार्यक्रम के अंत में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) हरी मोहन झा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन में योगदान देने वाले सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन एन. के. झा, उपमहाप्रबंधक (एचआर) एवं सुश्री प्रगति, सहायक प्रबंधक (एचआर) द्वारा किया गया.

HCM प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के साथ, बोकारो स्टील प्लांट न केवल डिजिटल एच आर समाधान में अग्रणी बन गया है, बल्कि डीपीडीपी अधिनियम के अनुरूप अपने डेटा सुरक्षा ढांचे को भी मजबूत कर रहा है। यह पहल बीएसएल को भविष्य के तकनीकी नवाचारों की दिशा में एक कदम आगे ले जाती है और इसे देश के अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनाती है.

# मेडिकेंट अस्पताल में अत्याधुनिक आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र का शुभारंभ

## आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र लोगो के लिए वरदान साबित होगा - इंद्रेश कुमार

**बोकारो -**



मेडिकेंट अस्पताल में एक अत्याधुनिक आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से परिपूर्ण है और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित और उच्च स्तरीय चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा।इस अवसर पर आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य इंद्रेश कुमार ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। सड़क दुर्घटनाओं, हृदयाघात, गंभीर चोटों और अन्य आपातकालीन स्थितियों में यह केंद्र मरीजों को जीवनरक्षक चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। उनके साथ राष्ट्रीय महासचिव गोलोक बिहारी राय कर्नल जाहिर मुस्तफा, हिमालयन वेलफेयर फाउंडेशन के निर्देशक डॉ. नवनीत गुलेरिया , राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्रो. शाहिद अख्तर शामिल थे। बोकारो विधानसभा के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा की हम बोकारो में नवीनतम स्वास्थ्य देखभाल नवाचार लाने के अपने मिशन को पुनः स्थापित कर रहे है और यह नया केंद्र आधुनिक तकनीकों, अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों से सुसज्जित है, जो 24x7 सेवाएं प्रदान करेगा । मेडिकेंट हॉस्पिटल के सीएमडी,

डॉ. माजिद अहमद तालिकोटी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर मरीज को तुरंत और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस केंद्र में इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर, उन्नत वेंटिलेशन सुविधा, एम्बुलेंस सेवा, और विशेष ट्रॉमा केयर यूनिट जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।इस उद्घाटन समारोह में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, चिकित्सा विशेषज्ञ, और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस केंद्र के खुलने से न केवल शहर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी आपातकालीन चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

मेडिकेंट अस्पताल के इस नए प्रयास से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**/बोकारो -**






बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा ट्रेनीज़ हॉस्टल परिसर में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया. वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा गुब्बारा छोड़कर किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) मनीष जलोटा के साथ ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, सीनियर ओसीटी, ओसीटी एवं एसीटी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.आरंभ में मनीष जलोटा ने मुख्य अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया. मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में खेल-कूद की महत्ता को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेने का संदेश दिया. उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेते हुए टीम वर्क एवं अनुशासन अपनाते हुए आगे बढ़ने का आ''ान किया. इस वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के लगभग 350 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिसमें वरीय ओसीटी, ओसीटी एवं एसीटी शामिल थे. वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, शॉट-पुट, टग-ऑ×फ-वार, डिस्कस-थ्रो, म्यूजिकल चेयर आदि मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जबकि महिला वर्ग में 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, डिस्कस-थ्रो, मार्बल स्पून रेस, नीडल थ्रेड रेस, म्यूजिकल चेयर, टग-ऑ×फ-वार जैसे खेल आयोजित किये गए. खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन पर सभी 14 खेल आयोजनों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया और विजेताओं को विजेता पदक और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया. वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का संचालन उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) राजेश कुमार द्वारा किया गया. समारोह के अंत में मीनम मिश्रा महाप्रबंधक (शिक्षा) तथा देवाश्री रानी टोप्पो महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने सभी विजेताओं को पुरस्कार तथा बधाई दी और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक प्रतिभागी तथा समन्वयकों को धन्यवाद दिया.

## उपायुक्त के निर्देशानुसार डीटीओ ने मैट्रिक - इंटर परीक्षा का लिया जायजा

**बोकारो** - झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा संचालित मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा के तीसरे दिन कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने चास स्थित बीएमपी - 4, राजकीयकृत मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र, राजकीयकृत उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा,आर.बी. एस इंटर कॉलेज चास आदि का जायजा लिया। डीटीओ ने विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षकवीक्षकों से उपस्थित छात्र झ छात्राओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने केंद्राधीक्षक को कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। डीटीओ वंदना शेजवलकर ने विद्यालय भवन में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा को भी देखा। वहीं, उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया।



जानकारी हो कि, मैट्रिक इंटर परीक्षा के तीसरे दिन अरबी ,फारसी,हो,मुण्डारी, संथाली उरांव एवं अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। मैट्रिक में कुल 926 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 920 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, इंटर परीक्षा में कुल 17,331 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 17,164 परीक्षार्थी शामिल हुए। दोनों परीक्षा में 6 एवं 167 कुल 173 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

वहीं, उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंडों में भी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने संचालित परीक्षा का जायजा लिया। केंद्राधीक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## आरआईएनएल विशाखापत्तनम की टीम ने जीता चैंपियनशिप का खिताब


**बोकारो** - स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) के अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए बीएसएल की मेज़बानी में आयोजित इंटर-स्टील प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मैच 15 फरवरी को क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया जिसमें एक रोचक मुकाबले में आरआईएनएल विशाखापत्तनम ने सेलम स्टील प्लांट को 5 विकेट से पराजित कर शानदार विजय प्राप्त की. चैंपियनशिप के समापन समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे. समापन समारोह में अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा , अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अनीष सेनगुप्ता, अन्य वरीय अधिकारी तथा क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे. मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और जीत हासिल करने पर बधाई दी.

उल्लेखनीय है कि सलेम स्टील प्लांट तथा बोकारो स्टील प्लांट के बीच दिनाँक 14 ×फरवरी को खेले गए पहले सेमी-फाइनल मैच में सलेम स्टील प्लांट ने 26 रन से जीत दर्ज की. दूसरे सेमी-फाइनल मैच में आरआईएनएल ने दुर्गापुर स्टील प्लांट को 9 विकेट से पराजित किया. 15 ×फरवरी को खेले गए फाइनल मैच में आरआईएनएल विशाखापत्तनम की टीम के सी श्रीनिवास को मैन ऑ×फ द मैच तथा एम हेमंथ रेड्डी को मैन ऑ×फ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया.

# सीसीएल द्वारा निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गिरिडीह।**

जिले में महेशलुंडी स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में शनिवार को सीसीएल गिरिडीह की और से फ्री मेडिकल कैंप (निः शुल्क चिकित्सा शिविर) का आयोजन किया गया। स्थानीय मुखिया शिवनाथ साव और चिकित्सकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ हुआ । महेशलुंडी मुखिया शिवनाथ साव के अगुवाई में आयोजित इस कैम्प में डेढ़ सौ से अधिक महिला, पुरुष व बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई।




शिविर में सीसीएल के एएमओ डॉ शिव शंकर मेहरा, वरिय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुराग, डॉ आर्या, सीसीएल हॉस्पिटल कर्मी सिस्टर प्रतिमा, सिस्टर सुनीता, मो खुर्शीद, सुरेन्द्र कुमार के अलावे स्वास्थ्य उपकेन्द्र महेशलुंडी की सी एच ओ सोनी कुमारी, बिटीटी राम शंकर शर्मा के अलावे अन्य कर्मी शामिल थे।

शिविर के सम्बंध में डॉ एसएस मेहरा ने बताया कि सीसीएल गिरिडीह द्वारा सीएसआर के तहत विभिन्न इलाकों में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजित करती रही है। इसी कड़ी में आज यह शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं वरीय चिकित्सक डॉ अनुराग ने बताया कि इस शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे लोगों का बीपी सुगर आदि की निः शुल्क जांच किया गया। साथ ही उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श देकर सबों को निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

वहीं शिविर के सम्बंध में मुखिया महेशलुंडी शिवनाथ साव ने कहा कि सीसीएल द्वारा इस तरह का हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित करने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होती है। उन्हें हर छोटी बड़ी स्वस्थ्य सम्बन्धी सुविधा प्राप्त होती है। छोटी बड़ी बीमारी से सम्बंधित उचित परामर्श भी प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि सीसीएल द्वारा अब तक तीन बार महेशलुंडी में इस तरह का फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया है। जिससे क्षेत्र के लोग काफी लाभान्वित हुए है। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा जनहित में इस तरह का कोई भी आयोजन करती है तो उन्हें हमेशा की तरह आगे भी भरपूर सहयोग किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में महेशलुंडी उप मुखिया रमेश कुमार कंधवे, सुरेश प्रसाद मंडल,बासुदेव दास, राजेंद्र हजाम, जितेंद्र साव, ललन प्रसाद,सागर कुमार,राजू अंसारी, का योगदान रहा।

## न्यूज़ अपडेट

### विशेष राजस्व शिविर का सफल आयोजन करें अंचलाधिकारी : एसी

**बोकारो** - जिला स्तर पर आयोजित जनता दरबार एवं जन शिकायत से प्राप्त आवेदन में ज्यादातर आवेदन ऑनलाईन जमाबंदी दर्ज करने, ऑन लाईन लगान रसीद निर्गत, दाखिल खारिज एवं भू-मापी इत्यादि से संबंधित होती है। ऑन लाईन जमाबंदी में सुधार लगान रसीद निर्गत करने दाखिल खारिज के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु विभिन्न कार्यालय पंचायतों से पूर्व में निर्देशित किया गया है। दिये गये दिशा-निर्देश के उपरान्त भी ऑन लाईन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदियों में त्रुटि निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।

इसी को लेकर उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार ऑन लाईन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदियों में व्याप्त त्रुटि के निराकरण, दाखिल खारिज, उत्तराधिकार बटवारानामा के आधार पर नामांतरण तथा विभिन्न राजस्व कार्यों यथा भू-मापी, ऑन लाईन लगान रसीद से संबंधित शिकायतों के निष्पादन हेतु जिले के सभी अंचल में 18 फरवरी से 4 मार्च तक प्रत्येक हल्का में 3 दिन का विशेष राजस्व शिविर आयोजित किया जाएगा।विशेष राजस्व शिविर के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने गुगल मीट के माध्यम से चास बेरमो दोनों भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। उन्होंने तैयारियों की जानकारी ली एवं शिविर के सफल आयोजन को लेकर संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। शिविर को लेकर स्थानीय स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार का निर्देश दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर का लाभ मिल सके।अपर समाहर्ता ने आयोजित शिविर में हल्का से संबंधित निष्पादित दाखिल खारिज वादों के शुद्धिपत्र का वितरण भी आवेदकों को कराना सुनिश्चित करने को कहा। वहीं,भूमि सुधार उप समाहर्त्ता चास एवं बेरमो (तेनुघाट) वरीय पदाधिकारी के रूप में हल्का में आयोजित होने वाले विशेष राजस्व शिविर का पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया।

### जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नूकांत पहुंचे

**डुमरी।** गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नूकांत शनिवार को डुमरी अनुमंडल पहुंचे। जहां उन्होंने अधिवक्ता भवन में उपस्थित अधिवक्ताओं से उनकी समस्याओं को सुना और समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया। वे राज्य सरकार द्वारा वकीलों को प्रदत ग्रुप मेडिकल इंश्योरेंस के संदर्भ में आए थे और अधिवक्ताओं से उनका एप्लीकेशन फॉर्म लिया।




उन्होंने अधिवक्ताओं की हर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान डुमरी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष इन्द्रजीत जायसवाल सचिव अशोक जैन,छत्रधारी महतो,विजय कुमार,सच्चिदानंद सहित सत्यनारायण सिन्हा,नीतिन कुमार आदि उपस्थित थे।

### गोमिया के अंशल प्रभात को जेइइ मेन में 97.91 परसेंटाइल

**गोमिया ।** गोमिया के व्यवसाई बिनोद कुमार साव के पुत्र अंशल प्रभात ने जेइइ-मेन-1 परीक्षा में 97.91 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया है. अंशुल की शुरुआती शिक्षा प्ले ग्रुप स्कूल गोमिया से हुआ. उसके बाद क्लूनी कावेंट रांची से मैट्रिक एवं डीपीएस रांची से प्लस टू कर रहा है. उनकी इस सफलता पर परिवार के लोगों सहित गोमिया क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर किया है एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है. वहीं इससे अन्य विद्यार्थियों को भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है.



### भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जे को ले उच्च अधिकारियों को पत्र

**डुमरी /** झापीपा केन्द्रीय सचिव अशोक अग्रवाल आजाद ने शनिवार को डीसी गिरिडीह,एसपी गिरिडीह,एसी गिरिडीह,एसडीएम डुमरी,सीओ डुमरी, एसडीपीओ डुमरी एवं थाना प्रभारी डुमरी को ईमेल द्वारा पत्र प्रेषित कर लिखा है कि मौजा जामतारा के खाता नंबर 107 एवं प्लॉट नंबर 2409 में जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि उपरोक्त खाता प्लॉट पर मापी का आदेश अंचल कार्यालय डुमरी से निर्गत था। दो बार अंचल के अमीन स्थल पर पहुंचे। जांच की कार्रवाई चल रही है इसके बावजूद वर्तमान में घनश्याम और उसके टीम द्वारा जबरदस्ती कार्य किया जा रहा है जिसे रोकने की जरूरत है।

### विधायक ने पीएन कॉलेज के शिक्षकों की नियुक्ति को ले डीईओ को लिखा पत्र

**डुमरी।** क्षेत्र के पीएन कॉलेज में छात्र छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहे शिक्षकों की नियुक्ति पर उठे सवाल पर डुमरी विधायक ने सराहनीय कदम उठाया है। मामले को लेकर क्षेत्र के डुमरी विधायक ने मिली कई शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है।



डुमरी विधायक जयराम महतो ने डीईओ को पत्र प्रेषित कर पारसनाथ इंटर महाविद्यालय इसरी बाजार गिरिडीह में शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव में दिये गये मतदाता सूची में शामिल शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया,विज्ञापन तिथि,नियुक्ति तिथि,योगदान तिथि, वास्तविक उपस्थिति एवं शैक्षणिक योग्यता की जांच हेतु आग्रह किया है।उन्होंने पत्र में लिखा कि पीएन इंटर कॉलेज इसरी बाजार में 10 फरवरी को शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव होना तय हुआ था।चुनाव हेतु दिए गये मतदाता सूची में शामिल शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया,नियुक्ति हेतु दिए गये विज्ञापन,नियुक्ति तिथि,योगदान तिथि,वास्तविक उपस्थिति एवं शैक्षणिक योग्यता के संबंध में विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इन शिकायतों में अनियमितताओं की आशंका व्यक्त की गई है, जो शिक्षा की गुणवता एवं पारदर्शिता के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस वजह से उनके आदेश पर शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया था।लिखा है कि डीईओ के नेतृत्व में विधायक प्रतिनिधि व शासी निकाय में जैक प्रतिनिधि को शामिल करते हुए एक निष्पक्ष जांच समिति का गठन किया जाए।विधायक ने आगे लिखा कि कृप्या सुनिश्चित करें कि जांच की संपूर्ण प्रक्रिया में डीईओ की, विधायक प्रतिनिधि और जैक प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य रूप से हो। ताकि जाँच प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। साथ ही यदि जांच में कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अधिकारी करें उन्नत तकनीक को अंगीकार : डा० यशोवर्धन पाठक

## सीमा शुल्क (निवारण) आयुक्तालय पटना में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय कस्टम दिवस

**पटना :**

सीमा शुल्क (निवारण) आयुक्तालय पटना के अधिकारियों द्वारा शनिवार को सीमा शुल्क सभागार, राजस्व भवन पटना में सीमा शुल्क दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीमा शुल्क आयुक्त डा0 यशोवर्धन पाठ-क, उप-आयुक्त पिंकी कुमारी, सहायक आयुक्त, अधीक्षक, निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

मौके पर सभा को संबोधित करते हुए सीमा शुल्क आयुक्त ने कहा कि यह दिवस बैश्विक व्यापार की दक्षता बढ़ाने, सुरक्षा को परिपूर्ण करने एवं देश की आर्थिक प्रगति में अपना योगदान तय करने हेतु सीमा शुल्क प्रहरियों की दक्षता एवम्‌-प्रतिबद्धता का प्रतिक है। हउड (वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा हम सभी को यह दिवस इस लिए दिया गया है ताकि, हम लोग अपने पराक्रम, अपनी क्षमता, अपनी उपलब्धियों की समीक्षा कर सकें तथा देश और विश्व व्यापार के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठतम देने के लिए सामुहिक और मुलम्मल रणनीति बनाने में अपना मंतव्य दे सकें।

उन्होंने कहा कि हमारे लोग अपना बेहतर योगदान दे सके इसके लिए हमें आधुनिक तकनीक को आत्मसात करना होगा। कार्यक्रम में अन्य अधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये।

विदित हो कि विश्व सीमा शुल्क संगठन जिसे पहले कस्टमस सहयोग परिषद(उउउ) के रूप में जाना चाहता था । इसकी स्थापना 1952 में हुई थी और भारत ने 15 फरवरी 1971 को इसकी सदस्यता ग्रहण की थी। इस अवसर पर सभी कस्टम एजेंसियां और उसके सहयोगी संगठनो द्वारा कस्टम नियमों की उपयोगिता तथा विश्व बाजार में सुरक्षा की दृष्टि से उनका उपयोग के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जाता है।




## न्यूज़ अपडेट

### ग्रामीणों ने की आमसभा



**श्रमबिंदु /धनबाद** । सुरूंगा में ग्रामीणों के साथ घटित घटना के खिलाफ आज सुरूंगा शिव मंदिर प्रांगण में आम सभा आयोजित किया गया। जिसमें एटी देवप्रभा आउट सोर्सिंग के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने का निर्णय लिया। सभा में मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो, पूर्व विधायक आनंद महतो, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, सनातन रविदास,भजोहरी महतो, मुखिया राजाराम रजक, मुकुल चन्द्र रोहिदास, सुनील कुमार महतो, संतोष रवानी, कार्तिक प्रसाद, विनोद कालिंदी, गोपाल बाउरी आदि ने संबोधित किया।

### सिंदरी ऋछक्छ द्वारा आवास खाली करने के संबंध में ढढ एक्ट नोटिस के खिलाफ लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



**श्रमबिंदु /धनबाद।** सिंदरी डोमगढ़ बचाओ आंदोलन ने पीपी एक्ट नोटिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन डोमगढ़ क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नेता और समाजसेवी भी शामिल हुए.

प्रदर्शनकारियों ने पीपी एक्ट के तहत दिए गए नोटिस को ''अत्याचार'' और ''गैरकानूनी'' करार दिया. आंदोलन में प्रमुख रूप से विदेशी सिंह, अजीत कशयप, पिंटू सिंह, गंगा सपना शर्मा, सोनू संतोष साहनी, शशि शेखर पांडे, लाल ठाकुर, छोटे ठाकुर, संजय राय, और दिलीप मिश्रा सहित कई अन्य स्थानीय नेताओं ने भाग लिया,

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पीपी एक्ट का उपयोग स्थानीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए किया जा रहा है, और उनका विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक यह नोटिस वापस नहीं लिया जाता.

प्रदर्शनकारियों ने इसे सरकार की तरफ से स्थानीय लोगों पर दबाव बनाने की कोशिश बताया और क्षेत्रीय विकास कार्यों को प्रभावित करने की चिंता जताई.

विधायक चंद्रदेव महतो भी इस विरोध में शामिल हुए, और उनके इस समर्थन से विरोध को और मजबूती मिल सकती है.प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से अपील की कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा करे ।

### कोलियरी क्षेत्रों में राकोमयू का जनजागरण व गेट मिटिंग जारी



**श्रमबिंदु /धनबाद** । तिसरा,शनिवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा के निर्देश पर यूनियन की ओर से नॉर्थ तिसरा डिस्पेंसरी व आसपास में जन जागरण अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व सुनील कुमार राय क्षेत्रीय सचिव ने किया। सुनील कुमार राय ने बताया कि महामंत्री के निर्देशानुसार 15 फरवरी से 28 फरवरी तक पूरे बीसीसीएल में जन जागरण व गेट मिटिंग का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जन जागरण का मुख्य उदेश है केंद्र सरकार की मजदूर किसान छात्र नौजवान विरोधी नीति। आज उनके नीति के कारण बेरोजगारी बढ़ी है, पूंजीपति को लाभ पहुंचाया जा रहा है, वर्तमान स्थिति में निजीकरण तेजी से हो रही है, कोई रोजगार नहीं है, श्रम कानून को समाप्त किया जा रहा है। फिर से अंग्रेजों वाली शासन केंद्र की भाजपा सरकार लाना चाहती है। इसके खिलाफ सभी को एकजुट कर जोरदार आंदोलन करने की तैयारी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए रास्ते पर चलकर आंदोलन किया जाएगा। पूंजीवादी व्यवस्था को आगे बढ़ने नहीं देंगे। जन जागरण के बाद कोयला भवन मुख्यालय में धरना कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें विधायक राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह भी वरिष्ठ नेताओं के साथ रहेंगे। मौके पर संतोष मोदक वीरेंद्र पासी तेजा बेलदार सुदर्शन सिंह रिंकू देवी गीता देवी चंम्पला देवी आदि लोग शामिल थे।

### नहीं रही सेवानिवृत सहायक शिक्षिका, शिक्षकों ने जताया शोक

**श्रमबिंदु /धनबाद** । गोविंदपुर, झारखण्ड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जिला शाखा ने बोर्ड मध्य विद्यालय गोविंदपुर से सेवानिवृत्त सहायक शिक्षिका कुरची गांव निवासी बिंदु प्रसाद के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष नीलकंठ मंडल, जिला प्रधान सचिव आदित्य प्रसाद मिर्धा, एसएन लाल त्यागी, वासुदेव गोस्वामी, मंजू तिवारी, परितोष घोषाल, सपन महतो, दाऊद अंसारी, दिनेश राय, संजीव मंडल, अशोक मंडल, दिनेश दास, बिरेन मंडल, मुकुल रोहिदास, नन्दकिशोर प्रसाद, राजेन्द्र रजक, दिनेश पाण्डेय, रामदेव साव आदि शामिल हैं।

# गोमो में गोली लगने से विवाहिता की मौत की गुत्थी को सुलझाने में जुटी पुलिस

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

गोमो के हरिहरपुर थाना क्षेत्र के हटियाटांड़ में विवाहिता प्रतिमा गुप्ता (26) की गुरुवार को गोली लगने से मौत मामले में शुक्रवार को हत्या का मामला दर्ज किया गया है. मृतका के भाई राज प्रसाद गुप्ता की शिकायत पर हरिहरपुर पुलिस ने पति रौनक गुप्ता व सास चंचला देवी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है. इधर, गुरुवार की देर रात पुलिस टीम आरोपी रौनक गुप्ता को लेक र उसके घर पहुंची. रौनक की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त नाइन एमएम की पिस्टल पुलिस ने घर की छत से बरामद की. छत पर जहां मृतका लहूलुहान हालत में मिली थी, वहां से पुलिस ने एक खोखा भी बरामद किया है. पिस्टल छत पर उगी झाड़ियों में फेंक दी गयी थी. पुलिस खोखा व पिस्टल जब्त कर रौनक को गिरफ्तार कर थाना ले गयी. पूछताछ के बाद पुलिस ने रौनक को जेल दिया,

» पति ने झरिया से पिस्टल लाकर घर में रखने की बात स्वीकारी

हरिहरपुर थाना में पूछताछ के दौरान आरोपी रौनक गुप्ता ने झरिया से पिस्टल लाकर घर में रखने की बात स्वीकार की है. थानेदार राहुल कुमार झा ने बताया कि इस मामले में पुलिस हत्या व अवैध पिस्टल की कड़ी को जोड़ कर अनुसंधान कर रही है. रौनक गुप्ता पर हत्या के साथ-साथ अवैध पिस्टल रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. पूछताछ में एसआइ



नारायण यादव भी शामिल थे. इधर, देर शुक्रवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतका का शव उसके परिजनों को सौंप दिया. जमुनिया नदी में शव का अंतिम संस्कार किया गया,

» फोरेंसिक टीम पहुंची, घंटों की जांच पड़ताल

शुक्रवार को फोरेंसिक टीम हरिहरपुर थाना पहुंची. टीम के सदस्यों ने घंटों गहन जांच पड़ताल की. आरोपी का फिंगर प्रिंट, पिस्टल का प्रिंट, खोखा आदि की जांच करते हुए सैंपल भी कलेक्ट किया.

हत्या या आत्महत्या अब तक नहीं सुलझ पायी गुत्थीआरोपी रौनक गुप्ता ने पुलिस के समक्ष पिस्टल झरिया से लाकर अपने घर में रखने की बात स्वीकार की है. लेकिन उसने हत्या करने की बात कबूल नहीं की है. पुलिस ने बताया कि पिस्टल में एक ही गोली लोड थी. रौनक ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह घर पर नहीं था. प्रतिमा को किसने गोली मारी या उसने स्वयं अपने को गोली मारी. इसकी गुत्थी अब तक सुलझ नहीं पायी है. पुलिस पिस्टल देने वाले की तलाश रही है.

» पोस्टमार्टम में खुलासा : मौत से पहले प्रतिमा से हुई थी मारपीट,

कनपट्टी में सटाकर मारी गयी थी गोलीप्रतिमा गुप्ता की मौत से पहले उसके साथ मारपीट की गयी थी. शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम में उसके शरीर के कई जगहों पर मारपीट के जख्म के निशान पाये गये. चिकित्सकों के अनुसार गोली उसके दायें कनपट्टी में सटाकर मारी गयी थी. चिकित्सकों को मृतका के सिर पर गन पाउडर मिला है. पोस्टमार्टम के बाद मृतका का विसरा प्रिजर्व कर लिया गया है. शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया,

» पोस्टमार्टम से पहले आपस में भिड़े मृतका के मायके व ससुराल के लोग

शुक्रवार की सुबह मृतका के शव का पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचे मृतका के मायके व ससुराल वाले आपस में भिड़ गये. दोनों पक्ष की महिलाएं एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए उलझ पड़ीं. बाद में परिवार के पुरुष सदस्यों के बीच मारपीट शुरू हो गयी. मृतका के मायके वाले ससुराल वालों पर प्रतिमा की हत्या का आरोप लगा रहे थे. आक्रोशित मायके वालों ने मृतका के पति के बड़े भाई गौरव गुप्ता व मां चंचला देवी के साथ मारपीट भी की. बाद में सुरक्षा में तैनात होमगार्ड ने दोनों पक्ष के लोगों को वहां से हटाया ।

## शताब्दी वर्ष के अवसर पर धनबाद मंडल रेल अस्पताल में प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**श्रमबिंदु ,/धनबाद।** धनबाद मंडल रेल अस्पताल के स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने पर मंडल की ऐतिहासिक विरासत एवं विकास यात्रा को याद करते हुए शनिवार 15 फरवरी को धनबाद मंडल रेल अस्पताल में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया । साथ ही इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा श्रीमती गरिमा सिन्हा सहित पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन,धनबाद मंडल की अन्य सदस्याएं एवं मंडल के उच्चाधिकारीगण, चिकित्सकगण, अतिथिगण और कर्मचारीगण उपस्थित थे । इस अवसर पर धनबाद मंडल रेल अस्पताल के 100 वर्षों के ऐतिहासिक सफर को बेहद ही खूबसूरत और रोचक अंदाज में संजोए एक फोटो प्रदर्शनी लगाया गया जिसका मंडल रेल प्रबंधक एवं अतिथियों ने अवलोकन किया ।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए गर्व, प्रेरणा और संकल्प का प्रतीक है । धनबाद मंडल रेल अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना हमारा उद्देशय होगा, चिकित्सकों को और बेहत्तर उपचार हेतु लीक से हटकर के श्रम करना होगा।

मौके पर ,वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक ,एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी , अस्पताल के सीएस , वरीय व कनीय अधिकारी , कर्मचारी , कई निजी अस्पताल के डाक्टर , सीईओ , प्रबंधक , पूर्व अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद थे , अथिति समेत कई चिकित्सकों व विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया।

कई लघु नाटक का मंचन कर बीमारियों से लोगों को आगाह किया गया। कई बरिये चिकित्सकों ने रोग के निदान हेतु नई तकनीक के जांच व उपचार और सावधानियों के संदर्भ में जानकारी दी।

## डाक्टर व पारमेडिकल कर्मियों को एसएनएमएमसीएच में आयोजित हुई कार्यशाला में दी गई जानकारी

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार भारतीय न्याय संहिता के तहत नए कानून की जानकारी देने के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।



# स्वावलंबी स्वरोजगार सोसाइटी के प्रशिक्षकों को उत्कृष्ट सेवा के लिए सीएमडी और निदेशक की पत्नियों ने किया सम्मानित

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

जोड़ापोखर , स्वावलंबी स्वरोजगार सोसाइटी मुकुंदा के परीक्षण में उत्कृट योगदान के लिए शनिवार को सुरभी महिला समिति द्वारा जियलगोरा गेस्ट हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के क्षेत्रीय अध्यक्षा शर्मिष्ठा चक्रवर्ती तथा संचालन मॉली सील ने किया। समारोह का शुभारंभ समिति की




अध्यक्षा सह सीएमडी की पत्नी मिली दत्ता ने विशिष्ट अतिथि डीपी और डीटी की पत्नीयों पुरवैया रमैया, रंजना सिंह एवं अर्चना अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में अतिथियों का स्वागत सोसाइटी के बच्चियों ने आकर्षक नृत्य कि प्रस्तुति से की गई। बीसीसीएल की देख रेख तथा सुनील मोदक के नेतृत्व में संचालित सोसाइटी में लघु हस्तकरघा उद्योग, ब्यूटीशियन, नृत्य और खेल की दिशा में क्षेत्र के बेरोजगार बच्चियों और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले वर्ष सिलाई प्रशिक्षण में अव्वल रही राधा देवी, राखी कुमारी, श्रीमती देवी, आरती देवी, अनिंदिता कुमारी तथा ब्यूटीशियन में रीमा कुमारी, सोनाली जायसवाल, सीता कुमारी, अमृता चौधरी आदि प्रतिभागियों को समारोह की मुख्य अतिथि मिली दत्ता ने सौंदर्य प्रसाधन एवं सिलाई कढ़ाई की सामग्री कीट पैकेट तथा प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कही कि पहले की महिलाएं घरेलू कामों में सिमटी रहती थीं। आज की दौर में महिलाएं स्वावलंबी होने को अनेकों संस्थानों से जुड़कर आत्मनिर्भर होकर घर और देश की तरक्की में अहम योगदान देने को अग्रसर है। ऐसी परिवेश में मुकुंदा सोसाइटी द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में दी जा रही योगदान प्रशंसनीय है। मौके पर लोदना क्षेत्र के जीएम एन चक्रवर्ती मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## 8वीं पुण्यतिथि पर कोयलांचल पत्रकार संघ ने दिवंगत पत्रकार अजित श्रीवास्तव को दी श्रध्दांजलि

**श्रमबिंदु /धनबाद** । कोयलांचल पत्रकार संघ के केन्द्रीय कार्यालय शालीमार में दिवंगत पत्रक ार अजित श्रीवास्तव की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम संघ के संस्थापक मोड़् मुख्तार अहमद तथा महामंत्री राहुल मिश्रा द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संस्थापक मुख्तार अहमद तथा महामंत्री राहुल मिश्रा ने कहा कि स्वड्ट अजित श्रीवास्तव संघ के शुरुआती दौर से हमारे साथ थे। संघ की बुनियाद में अहम भूमिका निभाई थी। उनके जाने से संघ को अपूरणीय छति हुई है। मौके पर संरक्षक चंद्र देव मिश्रा, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, पवन गुप्ता, आशीष सिन्हा, गुलज़ार आलम, समीम हुसैन, मनोज यादव, शशिधर मिश्रा, दीपक गुप्ता, मोजहरुल इस्लाम, विद्या रजक आदि उपस्थित थे।






स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com